हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## विभिन्न शहरों से आने वाली फ्लाइट का फेयर अपनी सामान्य स्थिति में

# स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों से आबाद रहेगा स्टेडियम, दिल्ली और मुंबई सहित दूसरे राज्यों से आने वालों की संख्या कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बुधवार को नवा रायपुर में होने वाले मैच के दौरान स्टेडियम स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों से आबाद रहेगा। विमानों की सामान्य स्थिति वाले फेयर को देखकर यही माना जा रहा है कि दिल्ली-मुंबई सहित अन्य राज्यों से आने वाले दर्शकों की संख्या सीमित है। दिल्ली-मुंबई से सुबह के वक्त आने वाली फ्लाइट का फेयर ही थोड़ा ज्यादा है और बाकी उड़ान का 15 हजार से कम है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ठंड के साथ विवाह का सीजन होने की वजह से लोगों की आवाजाही काफी समय से बढ़ी हुई है। इसीलिए कई शहरों की फ्लाइट का फेयर सामान्य से ज्यादा चल रहा है। इसीलिए मैच की वजह से विभिन्न शहरों से यात्रियों की आवाजाही बढ़ने का दावा करना सही नहीं होगा। क्रिकेट मैच से जुड़े लोग जरूर फ्लाइट में सफर करेंगे, मगर किराए में ज्यादा बदलाव नहीं होने की वजह से उनकी संख्या अधिक होने की संभावना कम है। बुधवार को मैच होने के बावजूद एयर फेयर में ज्यादा बदलाव होने की वजह से माना जा रहा है कि स्टेडियम में स्थानीय दर्शकों की संख्या बहुतायात होगी। बुधवार को ▶▶ शेष पेज 14 पर



### पड़ोसी राज्य वाले सड़क के रास्ते

अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी के मुताबिक पड़ोसी राज्य ओडिशा और महाराष्ट्र से आने क्रिकेट प्रेमी अपनी वाहनों के जरिए सड़क से होते हुए आसानी से स्टेडियम पहुंचेंगे। इससे उन्हें वापसी में भी आसानी होगी। हालांकि उनका कहना है कि ठंड का मौसम होने की वजह से ऐसे यात्रियों के मैच देखने आने की संभावना कम है।

फैक्ट फाइल

### खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के स्वास्थ्य का ध्यान

## स्टेडियम के बाहर हेल्थ डिपार्टमेंट, भीतर रहेगी रामकृष्ण के डाक्टरों की टीम

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम स्टेडियम के बाहर व्यवस्था संभालेगी और रामकृष्ण हॉस्पिटल के डाक्टर और एडवांस लाइफ स्पोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस भीतर खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के स्वास्थ्य का ख्याल रखेगी। इसके लिए हास्पिटल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग इंतजाम किए गए हैं। शहीद वीरनारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम परसदा में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच के दौरान भारी भीड़ जुटेगी। भीड़ के बीच किसी का स्वास्थ्य खराब और अप्रिय स्थिति ना हो इसके लिए हेल्थ सेक्टर से डाक्टरों की तैनाती की गई है। क्रिकेट ▶▶ शेष पेज 14 पर

### दर्जनभर सरकारी टीम

स्वास्थ्य विभाग के सरकारी डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दर्जनभर टीमें बनाई गई हैं। यह स्टेडियम के बाहर यानी गेट तक किसी के बीमार होने पर उपचार सुविधा प्रदान करेंगी। जीवन रक्षक शासकीय दवाओं के साथ विभागीय टीम दर्शकों के पहुंचने से पहले ड्यूटी पर उपस्थित होगी। मैच समाप्ति होने के बाद सभी दर्शकों के वापस लौटने के बाद वे वापस लौटेंगे। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल ऑफिसर के नेतृत्व में अन्य स्टाफ की टीम बनाकर उन्हें सूचीबद्ध किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से पौने आठ लाख की चोरी



**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र के उदया सोसायटी में एक सूने मकान से पौने आठ लाख रुपए की चोरी हो गई। चोरी की रिपोर्ट नंदन प्रसाद ने दर्ज कराई है। घटना 19 से 23 नवंबर के दरमियान की है। इस दौरान प्रार्थी अपने परिवार सहित बाहर गया हुआ था। घर पर ताला लगा देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किए और घर की आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं कपड़े कीमत 7 लाख 75 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में धारा बीएनएसः 331- 4, 305-ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### रुपए कमाने का झांसा देकर महिला से ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने ठगी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया इच्छा पोपट निवासी श्यामनगर तेलीबांधा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक मोबाइल धारक का उसके वाट्स एप नंबर पर मैसेज आया। इस मैसेज के जरिए मोबाइल धारक ने उसे प्रतिदिन 5 से 10 हजार रुपए इंकम दिलाने की बात कही। इसके लिए उसे वाट्स एप के माध्यम से एक लिंक भेजा। इस लिंक को भेजकर उसने अपने खाते में पैसे जमा कराने की बात कही। धारक की बातों में आकर उसने एक नहीं, बल्कि कई बार उसके भेजे गए खाते में पैसे जमा किए, लेकिन उसे इंकम की राशि नहीं मिली। इस तरह उसके साथ मोबाइल धारक ने धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 318-4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जान से मारने की धमकी, 3 पर केस दर्ज

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में एक अधेड़ के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 25 नवंबर की रात 8 बजे की है। प्रार्थी नित्यानंद शर्मा निवासी वीआईपी सिटी सड्डू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के सामने ज्ञानेंद्र उपाध्याय एवं अन्य व्यक्ति अलाव जलाकर आग ताप रहे थे। इस आग का धुंआ उसके घर के अंदर जा रहा था। उसने जब उन्हें आग बुझाने के लिए कहा तो इस बात पर विवाद करते हुए तीनों ने उसके साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी।

### पुरानी रंजिश पर युवक से की मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मारपीट के मामले में दो लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। विकास नगर निवासी सौरभ पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 दिसंबर को दोपहर 12 बजे मोहल्ले में आरोपी सोमेश पाल एवं उसके साथी ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ विवाद किया और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### भारत सरकार का रीफार्म होगा छत्तीसगढ़ में लागू

# छत्तीसगढ़ में बड़ा बदलाव, अब घरों के आसपास और कारोबार वाले इलाके में फैक्ट्री नहीं चलेगी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्दी ही एक बड़ा बदलाव सामने आ सकता है, राज्य के आवासीय क्षेत्रों में जहां लोग मकान बनाकर रहते हैं वहां और कारोबार वाले क्षेत्र में किसी तरह के छोटे-बड़े कारखाने नहीं चल पाएंगे। सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने यह बदलाव करने के लिए छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्तावित किया है। इस पर 15 दिनों में दावा-आपत्ति बुलाई गई है। इसका निराकरण होने के बाद आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में प्रदूषणकारी उद्योगों पर पूर्ण प्रतिबंध के प्रावधान लागू हो जाएंगे।

- अभी मंगाई है दावा-आपत्ति, 15 दिनों बाद फैसला

आवास एवं पर्यावरण विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि यह दरअसल भारत सरकार का एक रीफार्म (सुधार) है जिसे राज्य में लागू करने की तैयारी है। अब नियमों में यह बदलाव किया जा रहा है। आवासीय उपयोग परिक्षेत्र में, रेड, ऑरेंज, ग्रीन एवं ब्लू श्रेणी में वर्गीकृत उद्योगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र में, रेड एवं ऑरेंज श्रेणी में वर्गीकृत उद्योगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। उद्योगों का रेड, ऑरेंज, ग्रीन, व्हाइट और ब्लू श्रेणियों में वर्गीकरण, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए अनुसार होगा।

### ये हैं प्रदूषण के स्तर की श्रेणी वाले उद्योग

रेड उच्च प्रदूषण श्रेणी- सीमेंट प्लांट, थर्मल पावर प्लांट, रासायनिक उद्योग, स्टील मेल्टिंग, पेट्रोकेमिकल्स,
ऑरेंज- मध्यम श्रेणी फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल डाइंग, ऑटो वर्कशॉप, पेपर मिल्स, बेकरी, ग्रीन कम प्रदूषण वाले असेंबली लाइन, प्रिंटिंग प्रेस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, छोटे रिटेल आउटलेट,व्हाइट नगण्य प्रदूषण क्षेत्र- बिस्किट ट्रे मैन्युफैक्चरिंग, कैंडल मेकिंग, साबुन पैकिंग, आटा चक्की, ब्लू सेवा के उद्योग कचरा रिसाइक्लिंग प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट, बायोगैस प्लांट (घरेलू कचरे पर)



### होगा ये बदलाव

भारत सरकार के ये रिफार्म अगर छत्तीसगढ़ में सही तरीके से लागू हो पाए तो ये बदलाव हो सकता है। घरों वाली कॉलोनियों में अब कोई भी तरह की फैक्ट्री नहीं लगेगी, चाहे वो छोटी हो या बड़ी, चाहे वो कम प्रदूषण वाली हो या ज्यादा। मतलब लोहे की भट्टी, प्लास्टिक फैक्ट्री, केमिकल यूनिट, यहाँ तक कि छोटी-छोटी वर्कशॉप भी पूरी तरह बंद। दुकान-बाजार वाले इलाकों में बहुत ज्यादा प्रदूषण करने वाली (रेड और ऑरेंज कैटेगरी) फैक्ट्रियां नहीं चलेंगी। सिर्फ बहुत कम प्रदूषण करने वाली फैक्ट्रियां ही चल सकेंगी।

### अब हजार वर्ग मीटर जमीन पर लगेंगे प्रोजेक्ट

पहले कुछ खास जगहों पर 100 वर्ग मीटर में भी बड़ा प्रोजेक्ट बन सकता था, अब कम से कम 1000 वर्ग मीटर (लगभग एक एकड़ का दसवां हिस्सा) जमीन चाहिए होगी।

### ये नियम कब से लागू होगा?

अभी ये सिर्फ प्रस्ताव है। अगर आपको कोई परेशानी है या सुझाव देना है, तो 17 दिसंबर 2025 तक लिखकर भेज सकते हैं। दावा आपत्ति आवास एवं पर्यावरण विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर में ली जाएगी। 17 दिसंबर तक जो भी सुझाव आएंगे, उनको देखकर सरकार अंतिम नियम बनाएगी।

### 3 डिग्री तक लुढ़केगा पारा

## सामान्य हुई रात की ठंड, गुरुवार रात से तापमान में पुन: गिरावट के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धीरे-धीरे अपनी सामान्य स्थिति में आ चुकी रात की ठंड में पुनः वृद्धि होने की संभावना है। गुरुवार की रात से ठंड में वृद्धि शुरू होगी और दो से तीन दिनों तक तापमान एक से तीन डिग्री तक लुढ़केगा। अभी सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान अपनी सामान्य स्थिति से नीचे नहीं है। मंगलवार को दिन में हल्के बादल रहने की वजह से धूप असरदार नहीं थी।

बढ़ती ठंड के साथ मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी रहने की उम्मीद है। दो-तीन दिनों से छाए बादलों की वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर रुक गया था। उल्टे नमी के प्रभाव से छाए बादलों के कारण दिन के मौसम में ठंडकता आ गई थी। नमी का कारण बनने वाला सिस्टम अब कमजोर हो गया है। अब राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना है। इससे रात के न्यूनतम तापमान में पुनः गिरावट का दौर शुरू होने के आसार हैं। अनुमान है कि गुरुवार की रात से पारा सामान्य से नीचे जाएगा, जिससे ठंड का बढ़ता प्रभाव महसूस होगा। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे कम पारा 9.5 दुर्ग और सबसे अधिक 30.2 दुर्ग का दर्ज किया गया। अगले चौबीस घंटे में इसमें बदलाव आने की उम्मीद कम है।

# नाबलिगों के साथ मिलकर युवक को मार डाला

### रास्ते पर गाली-गलौच करने की बात पर चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के उरला इलाके में एक युवक की हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। मृतक का शव तीन दिन पूर्व ग्राम गुमा स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास रात के समय मिला था। इस वारदात को अंजाम दो नाबालिग सहित तीन लोगों ने मिलकर दिया था। पुलिस ने जांच करते हुए इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उरला थाना प्रभारी ने बताया कि 30 नवंबर की रात करीब 11.30 बजे ग्राम गुमा स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास खून से लथपथ एक अज्ञात युवक की लाश मिली थी। उसके शरीर में पीठ के पास चाकू से वार किए जाने का निशान मिला था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया था। इस जांच में मृतक की शिनाख्त फुल्लम सिंह गोंड 24 वर्ष निवासी ग्राम चकमी रैयत थाना करंजिया जिला डिंडोरी मध्यप्रदेश के रूप में की गई। हाल में फुल्लम प्राइम इस्पात कंपनी ग्राम गुमा में काम करता था। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मृतक ▶▶ शेष पेज 14 पर



### रास्ते पर गाली-गलौज करने के विवाद पर हत्या

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने बिना किसी कारण के फुल्लम की हत्या कर दी। घटना के समय तीनों आरोपी इस्पात कंपनी से गुमा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान मृतक भी अपने घर जा रहा था। रास्ते में जाते समय फुल्लन गाली-गलौज कर रहा था, जिसे तीनों आरोपी यह समझ बैठे कि वह उन सभी को गाली दे रहा है। इस बात पर तीनों ने उसके साथ विवाद किया और फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। तीनों के विरुद्ध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# 18 प्रमुख चौराहों की दशा सुधारने, महादेवघाट पुनरुद्धार और तेलीबांधा चौक के पास टेक्निकल टॉवर के लिए जल्द तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के रायपुरा स्थित ऐतिहासिक महादेव घाट को उज्जैन के महाकाल मंदिर में बनाए गए कारीडोर की तर्ज पर सुंदर स्वरूप दिया जाएगा। महादेवघाट पुनरुद्धार योजना फेस 1 के तहत इस कार्य में 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नगर निगम के मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, जिसे शासन ने मंजूरी दे दी है। योजना को धरातल पर लाने और निर्माण एजेंसी तय करने नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर आवेदन आमंत्रित किए। इसमें 5 अलग-अलग एजेंसियों ने टेंडर कोड किया है। दस्तावेज परीक्षण सहित अन्य मापदंड की जांच के बाद निर्माण एजेंसी जल्द तय की जाएगी। इसी तरह शहर के 18 प्रमुख रोड जंक्शन के विकास के लिए द्वितीय टेंडर 2 एजेंसी ने निविदा भरी है। मापदंड पूरा करने वाली एजेंसी का चयन नियम अनुसार शीघ्र किया जाएगा। रायपुर नगर निगम द्वारा हाल ही में नगर उत्थान योजना के तहत 4 अलग-अलग प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर मंजूरी के लिए भेजा गया। इनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाके में पेयजल समस्या दूर करने नई पानी बनाने का ▶▶ शेष पेज 14 पर

- खम्हारडीह में पेयजल समस्या दूर करने नई पानी टंकी
- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना में 4 कार्यों के लिए 90 करोड़ से अधिक की मिली स्वीकृति



### जल्द तय होगी एजेंसी

नगर उत्थान योजना के तहत 18 चौराहों के विकास, खारुन नदी के पास महादेवघाट पुनरुद्धार का प्रस्ताव और तेलीबांधा चौक के पास युवाओं के लिए को वर्किंग स्पेस, ट्रेड एंड आईटी टॉवर निर्माण के लिए प्रस्ताव, खम्हारडीह क्षेत्र में पानी टंकी निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। निर्माण के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर मुख्यालय से हुआ है, दस्तावेज परीक्षण सहित अन्य आवश्यक मापदंड की जांच उपरांत एजेंसी जल्द तय की जाएगी।

- अंशुल जूनियर
कार्यपालन अभियंता, नगर निगम रायपुर

### नए भवन में शिफ्टिंग शुरू, सभी सेक्शन में फाइलों के बस्ते तैयार

# पुराने विधानसभा से सिमटने लगी सवालों-जवाबों और फैसलों की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में दर्ज विधायकों सवाल, मंत्रियों के जवाब और सरकार के फैसलों की फाइलें अब सिमट कर एक पुलिंदों में तब्दील होती जा रही हैं। इन फाइलों को अब नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन ले जाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन की शिफ्टिंग दिसंबर के शुरू होते ही शुरू हो गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को देखते हुए सभी सेक्शन को फाइलों के बस्ते बांधकर तैयार रहने कहा गया है। विधानसभा सचिवालय से विधानसभा की एक बस में फाइलों के बंडल रखकर नए विधानसभा में शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं सेक्शन के अन्य सामान फर्नीचर, ▶▶ शेष पेज 14 पर

खास खबर



### 25 साल पहले विधानसभा बना था

पुराना विधानसभा भवन जो पहले केंद्रीय भू-जल सर्वेक्षण बोर्ड कार्यालय के लिए तैयार किया गया था, उसे नए राज्य के विधानसभा भवन के लिए चिन्हांकित किया गया था। तब से लेकर अब तक विधानसभा का संचालन यहीं से हो रहा था। राज्य के रजत जयंती वर्ष में नए भवन बनने के बाद इसे खाली किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय द्वारा इसे राज्य शासन को वापस किया जाएगा। राज्य सरकार इसके उपयोग के बारे तय करेगी।

### प्रधानमंत्री ने राज्योत्सव में किया था लोकार्पण

नवा रायपुर में नए विधानसभा भवन का 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया था। 2020 तक नए भवन का भूमिपूजन कांग्रेस सरकार के समय हुआ था। उसके बाद इसका निर्माण शुरू हुआ। कोरोना काल के समय इसका निर्माण करीब डेढ़ साल तक अटका रहा। उसके बाद निर्माण में तेजी आई। भाजपा सरकार आने के बाद पिछले दो साल में इसके निर्माण में तेजी लाते हुए पूरा किया गया। अब यहां पर शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र शुरू होने के बाद यहां से कामकाज और कार्यालय गतिविधि बढ़ाने पर जोर देते हुए इसे शिफ्ट किया जा रहा है।

### सचिव ने किया मुआयना

विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने सभी विभागों में फाइलों के बंडल और फर्नीचर और अन्य सामान की पैकिंग का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि आने वाले सप्ताह के अंदर सभी सेक्शन को वहां पर कामकाज शुरू किया जाना है। सभी विभागों को 8 या 9 तारीख तक पूरा सामान शिफ्ट करने कहा गया है।

### फर्नीचर सहित सभी सामान जाएगा

पुराने विधानसभा भवन में जो सामान है, उसे नए भवन में शिफ्ट करने के लिए 50 श्रमिकों को लगाया गया है। उसके माध्यम से बसों में फाइलें और मेटाडोर में फर्नीचर और अन्य सामान ले जाया जा रहा है। यहां से सामान लोड होने के बाद नए भवन में सामान उतारने के लिए इतने ही श्रमिक वहां पर लगाए गए हैं। सेक्शन प्रभारियों को अपने सामनों को सभी ढंग से रखवाने और व्यवस्थित करने की जिॅम्मेदारी दी गई है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।







# संघर्ष से नेतृत्व तक - प्रमोद दुबे की सियासी पहचान का नया अध्याय

राजनीति में कदम रखने का निर्णय प्रमोद दुबे ने कभी किसी पद या प्रतिष्ठा के लिए नहीं लिया। उनके लिए राजनीति केवल एक उद्देश्य रही। वह हमेशा समाज के लिए खड़े रहे विशेषकर उन लोगों के लिए जिनकी आवाजे कहीं दब जाती हैं या दबा दी जाती हैं।

**पद नहीं, मेरे लिए लोगों का भरोसा ही मेरी पूंजी है, क्योंकि उन्होंने मुझे कुर्सी से नहीं, कर्म से पहचाना है...**

# प्रमोद दुबे : जनसेवा को समर्पित सरल, संवेदनशील और जमीनी नेता

## जन्मदिन पर विशेष



3 दिसंबर 1966 को जन्मे प्रमोद दुबे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रख्यात नेता हैं। उन्होंने बी.कॉम, एम.ए., बी.जे. और लॉ की पढ़ाई पूरी की है। व्यवसाय और खेती से जुड़े होने के कारण वे हमेशा जमीन से जुड़े मुद्दों को समझते हैं। राजनीति में उनकी पहचान एक ईमानदार, सहज और समाजोन्मुख नेतृत्व के रूप में बनी है। प्रमोद दुबे का राजनीतिक जीवन 1985-86 में छत्तीसगढ़ कॉलेज छात्रसंघ चुनाव जीतकर शुरू हुआ, जहां वे उपाध्यक्ष बने। इसके बाद 1986-87 में उन्होंने राज्य स्तरीय छात्रसंघ चुनाव जीतकर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष का पद संभाला। इसी दौर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से अलग कर स्वायत्त संस्थान बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। 1997 से 2000 के बीच वे शहरी एवं ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष रहे।

साल 2001 में उन्हें छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनाया गया, जहां संगठन विस्तार में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 2004 में वे ब्राह्मणपारा वार्ड से पहली बार पार्षद चुने गए। उन्होंने सफाई मित्र योजना की शुरुआत की, जिसकी बदौलत ब्राह्मणपारा वार्ड को नगर निगम द्वारा स्वच्छता पुरस्कार मिला। 2009 में वे शहीद चूड़ामणि वार्ड से दुबारा पार्षद बने और यहाँ उन्होंने पुलिस स्टेशन के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए। 2015 में प्रमोद दुबे रायपुर के महापौर निर्वाचित हुए। उनके कार्यकाल में शहर में कई उल्लेखनीय कार्य हुए जैसे मल्टी लेवल पार्किंग, सेंट्रल लाइब्रेरी, आउटडोर ओपन जिम, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत अनेक विकास कार्य, सुभाष स्टेडियम का विकास। प्रमोद दुबे द्वारा उठाए गए इन कदमों ने रायपुर के शहरी विकास मॉडल को नई पहचान दी। प्रमोद दुबे इस समय रायपुर नगर निगम में सभापति के रूप में कार्यरत हैं और निरंतर जनहित के कार्यों में जुटे रहते हैं। उनकी पहचान एक ऐसे नेता की है जो हर वर्ग के लिए उपलब्ध रहता है और राजनीति को सेवा का माध्यम मानता है।



मैंने खुद को कभी नेता नहीं माना, मेरी बस यही इच्छी रही कि मेरे पास आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश होकर न लौटे।
**प्रमोद दुबे- पूर्व महापौर, पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर**

## मरीन ड्राइव पर तिरंगा झंडा फहराने से शहर को क्या हासिल हुआ?

2016 में नगर निगम प्रशासन की ओर से मरीन ड्राइव जिसे पूर्व में मौलीमाता तालाब भी कहा जाता था। वहां पर विशालकाय तिरंगा झंडा फहलाने का निर्णय महापौर प्रमोद दुबे जी के प्रेरणा से लिया गया था। उक्त



तिरंगे झंडे का आकार 90 फीट लंबा और 60 फीट चौड़ा रखा गया जो कि अपनी विशाल आकार के कारण आकर्षण का नया केंद्र बन गया था। तिरंगा झंडा फहराने से मरीन ड्राइव की खूबसूरती में चारचांद लग गया। पर्यटन के अलावा यह स्थल सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहचान भी बन गया। यहां पर लोग परिवार के साथ दूर-दूर से आने लगे जिससे यहां आसपास के दूकानदारों, कैफे, फूड जोन वालों को भी फायदा हुआ। इस स्थान ने पूरे देश में रायपुर की स्ट्रांग ब्रांडिंग किया। दूसरे प्रदेशों से लोग इस तिरंगा प्वाइंट को देखने आने लगे। सुबह से शाम तक यहां लोग परिवार, मित्रजनों के साथ यहां समय बिताने आने लगे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था भी स्वतः मजबूत होने लगा, प्रशासन के द्वारा भी अपने बड़े-बड़े इवेंट यहीं पर किया जाने लगा जिससे की यह तिरंगा प्वाइंट एक बेहतरीन मनोरंजन स्थल बन गया। इसका फायदा हर वर्ग के लोगों को मिला।



**इंद्रजीत राजपूत, पूर्व पार्षद न.नि. रायपुर**

## जवाहर मार्केट पुर्ननिर्माण से क्या शहर को लाभ हुआ?

जवाहर मार्केट केवल एक व्यापरिक स्थल ही नहीं थी वरन सैकड़ों सालों से रायपुर की पहचान भी थी। इस स्थान का अपना ऐतिहासिक महत्व भी है। मगर धीरे-धीरे यह पहचान मिटती जा रही थी। प्रमोद दुबे जी ने महापौर बनने के पश्चात इस महत्वपूर्ण स्थल का सौंदर्यीकरण एवं पुर्ननिर्माण का बीड़ा उठाकर द्रुत गति से इस ओर कार्य प्रारंभ किया। जहां चुनौतियों भी बहुत थी, ऐतिहासिक स्थल होने के कारण



इसकी पुरानी काया को भी बनाए रखना था। दूसरी समस्या की यातायात का भारी दबाव, चूंकि यह क्षेत्र रायपुर का प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र है यहां पर व्यापारीगण और ग्राहक दूर दूर से यहां आते हैं। जिसके कारण यहां भारी भीड़ और यातायात का दबाव भी रहता है। कई चुनौतियों का सामना करते हुए जवाहर बाजार का पुर्ननिर्माण एवं सौंदर्यीकरण संपन्न हुआ और इससे सबसे बड़ा फायदा छोटे दुकानदारों को हुआ। इसके अलावा रायपुर की सुंदरता में भी वृद्धि हुई। यहां से नगर निगम को कई प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से आर्थिक लाभ मिलने लगा जैसे पार्किंग, टैक्स, लाइसेंस बनाने के रुप में राजस्व मिलने लगा। इन सब के अलावा रायपुर को स्मार्टसिटी के रुप में स्थापित करने में यह मील का पत्थर साबित हो रहा है।



**सुभाष बजाज**
**अध्यक्ष जवाहर बाजार व्यापारी संघ**



## सवाल -घर-घर कचरा संकलन पहल से रायपुर में क्या-क्या बदलाव आए ?


## जवाब - घर-घर कचरा संकलन साफ-सुथरे और स्वस्थ रायपुर का संकल्प

घर-घर कचरा संकलन आने के बाद रायपुर में काफी कुछ बदल गया है। पहले सड़क किनारे कचरा पड़ा रहता था, बदबू आती थी और मच्छर-मक्खी की दिक्कत भी रहती थी। खुले मैदान और नालियां भी गंदगी से भर जाते थे। लेकिन जब ये गाड़ियां रोज-रोज घरों तक आने लगीं, तो लोगों को कचरा फेंकने की झंझट ही खत्म हो गई। अब घर से ही कचरा उठ जाता है, गली-मोहल्ले साफ दिखते हैं और बदबू भी काफी कम हो गई है। सबसे बड़ी बात शहर में गंदगी फैलने के मौके ही कम हो गए। लोगों में भी सफाई को लेकर आदतें बदली हैं।



**रिचा गुप्ता**
**डायरेक्टर - रिचा क्रियेशन**

## महादेवघाट पर मूर्ति विसर्जन कुंड बनाने से क्या इस पर्यटन स्थल की सुंदरता और महत्व बढ़ा?



रायपुर के खारून तट पर गणेश विसर्जन एवं नवरात्रि पर देवी-देवताओं के मूर्तियों का विसर्जन पूर्व में भक्तगणों के द्वारा नदी में ही कर दिया जाता था। अन्य अवसरों पर भी यही परंपरा बदस्तूर जारी रहती थी, शहर के फैलने से और सतत विकास होने से जनसंख्या में भी वृद्धि हुई और भारी संख्या में मूर्तियों को विसर्जित किया जाने लगा। इस समय सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती थी। लोग अव्यवस्थित तरीके से मूर्तियों को नदी में विसर्जित करते थे जिससे नदी का पानी भी प्रदूर्षित होता था और भक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करना भी बड़ी चुनौती थी। प्रमोद दुबे जी ने महापौर बनने के उपरांत इस समस्या को चुनौति के रुप में लिया और इसकी शुरुआत उन्होंने अस्थाई कुंड बनाकर लोगों को प्रेरित किया की वे अपनी उन मूर्तियों को जिसके साथ उनकी आस्था और धार्मिक विश्वास जुड़ा हुआ है, उनको इन कुंडों में विसर्जित कर भगवान गणेश और मां दुर्गा को सम्मानजनक विदाई दें। इस कदम को रायपुर की जनता ने भी सराहा जिससे महादेव घाट और खारून नदी की सुंदरता में चारचांद लग गए। विसर्जन के दौरान होने वाले अव्यवस्थाओं पर भी इस विचार ने अंकुश लगाने का काम किया।



**पं. अविनय दुबे, अध्यक्ष वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन युवा विंग**




रायपुर में 14 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से निर्मित नेताजी सुभाष स्टेडियम शहर को खेल नगरी बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। 1500 दर्शकों की क्षमता, 200 कार व 400 बाइक पार्किंग, 1 लाख वर्गफीट खेल मैदान तथा बास्केटबॉल, वॉलीबॉल से लेकर इंडोर हॉल में क्रिकेट, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे जैसी सुविधाओं से ओलंपिक - कॉमनवेल्थ स्तर की तैयारी संभव हुई है। 168 बेड वाले हॉल, मेस - किचन, वीआईपी सीटिंग के साथ सामाजिक-धार्मिक आयोजन व टूर्नामेंट आयोजित हो रहे हैं, जो युवाओं को स्वस्थ जीवन दे रहे हैं तथा नगर निगम की आय बढ़ा रहे हैं। यह स्टेडियम रायपुर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर चमकाने का केंद्र है। नेताजी सुभाष स्टेडियम रायपुर के लिए केवल एक खेल परिसर नहीं, बल्कि शहर की उभरती खेल संस्कृति और युवा ऊर्जा का प्रतीक बन चुका है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्टेडियम स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का वातावरण प्रदान करता है, जिससे रायपुर की प्रतिभाएँ राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से उभर रही हैं। 1500 दर्शकों की क्षमता, विस्तृत पार्किंग, मल्टी-स्पोर्ट कोर्ट्स और इंडोर प्रशिक्षण हॉल जैसी सुविधाएँ न केवल खेल आयोजन को बढ़ावा देती हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को जोड़कर सामाजिक समरसता भी बढ़ाती हैं। साथ ही, यहाँ होने वाले टूर्नामेंट, शिविर और सामाजिक-धार्मिक आयोजन नगर निगम की आय बढ़ाने के साथ शहर के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। अपने बहुआयामी उपयोग और आधुनिक निर्माण के कारण यह स्टेडियम रायपुर की पहचान को नए आयाम देता है और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनकर उभरता है।

## सवाल -क्या यह स्टेडियम रायपुर के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है?

## जवाब -रायपुर का गौरव - नेताजी सुभाष स्टेडियम - खेल, समृद्धि और समरसता का प्रतीक !



**प्रवीण जैन**
**अध्यक्ष छ.ग. कांग्रेस कमेटी खेलकूद**



## सवाल -ओपन जिम कॉन्सेप्ट ने रायपुर में फिटनेस को कैसे बढ़ावा दिया ?

## जवाब - ओपन जिम कॉन्सेप्ट - रायपुर को खुली हवा में फिटनेस और सभी के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा

ओपन जिम आने के बाद रायपुर में फिटनेस सच में लोगों की आदत बन गई है। पहले तो समय और जगह की कमी की वजह से लोग नियमित व्यायाम नहीं कर पाते थे, पर अब पार्कों में लगी इन मशीनों से सबके लिए एक्सरसाइज आसान हो गई है। यहां कोई फीस नहीं लगती, माहौल भी सुरक्षित रहता है और हर उम्र के लोग आराम से एक्सरसाइज कर लेते हैं। महिलाएं भी बिना किसी झिझक के आकर वर्कआउट कर पाती हैं, युवाओं में ऊर्जा दिखती है और

बुजुर्गों को भी चलने-फिरने का अच्छा साधन मिल गया है। कुल मिलाकर, ओपन जिम ने फिटनेस को घर-घर और मोहल्ला-मोहल्ला तक पहुंचा दिया है।



**अनुराग दीवान**
**रिटायर्ड एडिशनल डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ शासन**



## सवाल -क्या पंडरी से भाठागांव बस स्टैंड शिफ्ट करने से यात्रियों की यात्रा और सुगम हुई है?

## जवाब - भाटागांव बस टर्मिनल - आधुनिकता और सुव्यवस्था का प्रतीक

रायपुर के पंडरी बस स्टैंड को शहर के भीड़भाड़ वाले मध्य क्षेत्र से हटाकर रिंग रोड पर स्थित आधुनिक इंटर स्टेट बस टर्मिनल, भाटागांव स्थानांतरित करना राजधानी के लिए दूरदर्शी और लाभकारी कदम है। इससे भारी बसों की आवाजाही शहर के अंदरूनी हिस्सों से हटने से जाम, ध्वनि प्रदूषण और दुर्घटना से बचाव हो रही है। जबकि रिंग रोड से जुड़े भाटगांव से बसें सीधे हाईवे नेटवर्क से संचालित हो सकती हैं। नया टर्मिनल अधिक विस्तृत भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से विकसित है, जहां निर्धारित बसें, विशाल प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा जैसी सुविधाएं यात्रियों को बेहतर आराम और सुरक्षा प्रदान करती हैं। पंडरी की जमीन अब व्यवस्थित वाणिज्यिक विकास और नगर सुविधाओं के लिए उपयोग की जा सकेगी, जबकि भाटागांव क्षेत्र में होटल, दुकानें और लोकल परिवहन सेवाओं के विस्तार से रोज़गार और संतुलित नगरीय विकास के नए अवसर बनेंगे।



**शिवेश सिंह**
**प्रमुख सलाहकार छ.ग. यातायात महासंघ**



## सवाल -तालाबों में सौंदर्यीकरण के बाद रायपुर में क्या-क्या बदलाव देखने को मिले हैं?

## जवाब - तालाबों का सौंदर्यीकरण - रायपुर को जल, हरियाली और संतुलन देने वाला संकल्प

पहले कई तालाब गंदगी, अतिक्रमण और अंधेरे की वजह से नज़रअंदाज़ हो चुके थे। तालाबों के आसपास पहले असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हुआ करता था, लेकिन अब वहाँ साफ-सफाई रहती है। चारों तरफ हरियाली है और घूमने-फिरने की अच्छी सुविधा मिलती है। पगडंडी, बैठने की जगह, लाइटिंग और सुरक्षा रेलिंग ने इन स्थानों को परिवारों के लिए भी सुरक्षित बना दिया है। लोग सुबह-शाम वॉक करने लगे हैं, बच्चे खेलने आते हैं। कई तालाब तो पिकनिक और फिटनेस के पसंदीदा स्पॉट बन गए हैं। अब तालाब सिर्फ पानी का स्रोत नहीं रहे, बल्कि पूरे मोहल्ले के लिए खूबसूरत और उपयोगी जगह के साथ-साथ टूरिस्ट प्लेस भी बन गए हैं।



**डॉ. राकेश पांडे**
**डायरेक्टर- हियरिंग केयर सेंटर**



## सवाल -2018 में तत्कालीन महापौर प्रमोद दुबे के द्वारा ऑक्सीजोन कॉन्सेप्ट से रायपुर के लोगों को लाभ हुआ?

## जवाब - ऑक्सीजोन-2018 में तत्कालीन महापौर प्रमोद दुबे के द्वारा जो ऑक्सीजन कॉन्सेप्ट लाया गया

ऑक्सीजोन बनने के बाद रायपुर के लोगों को काफी फायदा हुआ पहले शहर में धूल धुआं और ट्रैफिक की वजह से हवा भरी लगती थी। लगातार किए जा रहे सर्वे से यह पता चला कि रायपुर को प्रदूषण दर काफी बाकी शहरों के मुकाबले काफी अधिक है यहां सांस की बीमारियां बढ़ने लगी थी लेकिन जब ऑक्सीजोन बना है जब से इस हरित क्षेत्र में माहौल को काफी हल्का और ताजा कर दिया यहां इतने पेड़ पौधे लगाए गए कि आसपास की हवा साफ महसूस होती है और गर्मी भी कम लगती है लोग सुबह शाम में आते रहते हैं बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी यहां काफी

आरामदायक है शहर की भाग दौड़ से दूर रहा दूर यहां आकर मां भी शांत हो जाता है ऑक्सीजोन ने रायपुर की हवा में सुधार किया और लोगों को प्रकृति के करीब लाकर एक अच्छा सुकून भरा माहौल दिया है।



**सीमा छाबड़ा**
**स्कूल को-आर्डिनेटर**

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे का भव्य स्वागत

**सिलयारी।** धरसींवा स्थित रेस्ट हाउस में आज जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने फूलमालाओं, शॉल-श्रीफल और अभिनंदन पत्र के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने श्री बंजारे को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री बंजारे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और कांग्रेस की नीतियों को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता के हितों के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। स्वागत समारोह में पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उद्धव राम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा सहित प्रमोद शर्मा, हरिशंकर निषाद, चूड़ामणि साहू, साहिल खान, भावेश बघेल, जयंत साहू तथा अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए संगठन में नई ऊर्जा का संचार होने की अपेक्षा जताई।

### राजभवन अब कहलाएगा लोकभवन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभवन अब लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने राजभवन का नाम परिवर्तित कर लोकभवन करने का आदेश आज जारी कर दिया है। राज्यपाल के सचिव ने बताया कि राज्यपालों के सम्मेलन-2024 में राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन करने का सुझाव दिया गया था। इसी के अनुरूप गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के परिपालन में अब से सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए राजभवन का नाम लोकभवन के नाम से पढ़ा एवं लिखा जाएगा।

# मनवा कुर्मी समाज में लिखित संविधान सुचारू व्यवस्था का आधार : भूपेश

**मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 9वां राज अधिवेशन सांकरा (भूमिया) में हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के धरसींवा राज का नौवां राज अधिवेशन ग्राम सांकरा (भूमिया) में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वजातीय महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलशयात्रा से हुई। ग्राम देवताओं के पूजन-अर्चन के बाद अधिवेशन स्थल पर सामाजिक ध्वजारोहण तथा पुरोधाओं के तैलचित्रों पर दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। कुर्मी गौरव गीत एवं राजगीत की प्रस्तुति के पश्चात राजप्रधान नीलमणी परगनिहा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, समाज के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश और मनवा कुर्मी समाज दोनों में ही लिखित संविधान है, जिसके कारण व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने कहा, देश की आजादी में हमारे समाज के पुरोधाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुर्मी समाज में सबसे अधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। उन्होंने समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और सामाजिक एकता व अनुशासन को बनाए रखने का आह्वान किया।

समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने अपने संबोधन में समाज को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारे समाज के बच्चे पैसों की कमी के कारण पढ़ाई में रुकावट न आए, इसके लिए जरूरी है कि समाज के दान से मिली राशि से इन बच्चों का भविष्य संवारा जाए। शिक्षा और स्वरोजगार में सहयोग हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।





### होनहार प्रतिभाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम को राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। समाज के विधान एवं आचार संहिता पुर्नलेखन कर विमोचन किया गया। अधिवेशन के दौरान धरसींवा राज की होनहार प्रतिभाओं को केंद्रीय एवं राज्य समाज द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर। कार्यक्रम के मध्य में स्थानीय बालिकाओं ने लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी वर्मा सदस्य राज्य महिला आयोग, छाया वर्मा पूर्व राज्यसभा सांसद, यशवंत सिंह वर्मा केंद्रीय महामंत्री, चंद्रकांत वर्मा केंद्रीय युवा अध्यक्ष, सरिता बघेल केंद्रीय महिला अध्यक्ष, पूर्णिमा एवन पाटिल सरपंच सांकरा, केंद्रीय संरक्षक डॉ के के नायक, दाऊ सुरेंद्र कश्यप, आर सी वर्मा, तोरन नायक, उधोराम वर्मा, देवव्रत नायक, भुवनेश्वर वर्मा, रुद्र कुमार वर्मा, जागेश्वर बघेल, उषा वर्मा, नितिन चंद्रवंशी, जितेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, ईश्वरी कश्यप, राजेश वर्मा, क्षेत्र प्रधान रामकुमार कश्यप, ग्राम प्रमुख गोपी वर्मा, नरसिंग वर्मा, खेम लाल वर्मा, धनेश वर्मा, अश्वनी कश्यप, अशोक कश्यप, राज प्रधान गण सत्यभामा परगनिहा धमधा राज जागेश्वर वर्मा रायपुर राज, हरिराम वर्मा अर्जुनी राज, ठाकुर राम वर्मा, तिल्दा राज, युगल किशोर आडिल पाटन राज, सुनीता वर्मा बलौदाबाजार राज, ईश्वरी प्रसाद वर्मा दुर्ग राज, चिंताराम वर्मा चंदखुरी राज रामखिलावन वर्मा पलारी राज सहित समाज के सैकड़ों पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**मांग : मुआवजे को लेकर 4 माह के मासूम के साथ पत्नी धरने पर बैठी**

# न्याय की आस में धरना, उद्योग में जलने से मजदूर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

धरसीवां क्षेत्र स्थित इंडस्ट्री में दो दिन पूर्व हुई एक भीषण दुर्घटना ने उद्योग प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इस दर्दनाक हादसे में एक गरीब मजदूर मनहरण निषाद, पिता स्व. बंसी लाल निषाद (उम्र लगभग 43 वर्ष), निवासी ग्राम तन्डवा तिल्दा की जलकर मौत हो गई। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बावजूद, उद्योग प्रबंधन की ओर से मृतक के परिवार को न तो कोई उचित मुआवजा मिला है और न ही न्याय का आश्वासन। इसी न्याय की आस में मृतक की पत्नी अपने चार माह के दुधमुंहे मासूम को गोद में लेकर, इस कड़ाके की ठिठुरती ठंड में उद्योग के मुख्य द्वार के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई है। परिजनों और पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के दिन तीन कर्मचारी ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे थे। इसी दौरान एक साथी कर्मचारी ने ज्वलनशील पदार्थ जलती आग में डाल दिया, जिससे आग भड़क गई। इस भीषण आग की चपेट में आने से मनहरण निषाद गंभीर रूप से जल गए और उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस घटना में एक अन्य मजदूर भी झुलस गया है, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शोकाकुल परिजनों का स्पष्ट आरोप है कि यह भीषण हादसा उद्योग प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी और लापरवाही के कारण हुआ है, क्योंकि ज्वलनशील पदार्थ को खुले में रखा गया था। मृतक मनहरण निषाद का शव घटना के बाद से ही एक अस्पताल के मॉर्चरी में रखा हुआ है। परिवार न्याय और उचित मुआवजा मिलने तक शव लेने से इनकार कर रहा है, जिसके कारण शव दो दिन से परिजनों के इंतजार में पड़ा हुआ है।

■ लापरवाही का आरोप; दो दिन से मेकाहारा अस्पताल में रखा है मृतक का शव





### विवादों का पुराना इतिहास

यह पहली बार नहीं है जब अर्थमेट उद्योग का प्रबंधन विवादों के केंद्र में आया हो। स्थानीय स्तर पर इस उद्योग के खिलाफ मजदूरों की सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर पहले भी भारी रोष व्याप्त रहा है। मात्र दो माह पूर्व, इसी उद्योग के एक ठेकेदार के कर्मी ने फैक्ट्री कर्मी के ही मजदूर परिवार के 03 वर्ष की एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध किया था। उस घटना ने भी उद्योग की आंतरिक निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े किए थे।

### कार्रवाई होगी

घटना की सूचना मिलते ही हमने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया गया है; लापरवाही पाए जाने पर उद्योग प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई होगी। हम फिलहाल परिवार और प्रबंधन के बीच मुआवजे के लिए बातचीत स्थापित कराने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले और शांति व्यवस्था बनी रहे।

**राजेन्द्र दिवान**
थाना प्रभारी धरसींवा

### ठिठुरते ठंड में न्याय की गुहार

मनहरण निषाद का परिवार इस समय गहरे सदमे और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। मनहरण की पत्नी अपने चार माह के मासूम बच्चे के साथ धरने पर बैठी हैं। उनका कहना है कि जब तक उन्हें उचित और सम्मानजनक मुआवजा नहीं मिलेगा, वे यहाँ से नहीं हटेंगी, भले ही उन्हें यह धरना कितनी भी कड़ाके की ठंड में क्यों न जारी रखना पड़े।बता दे खबर लिखे जाने तक पीड़ति परिवार धरने पर बैठे है।

# मुक्तिधाम की जमीन पर अवैध मुरुम खनन, स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुरुम (मुरूम) का अवैध खनन एक बड़ी समस्या बन चुका है। इसी कड़ी में, मंदिर हसौद में सतनामी समाज के आरक्षित मुक्तिधाम की सुरक्षित जमीन पर मुरुम माफिया द्वारा रात के अंधेरे में अवैध खनन कर समतल जमीन को खाई में बदल दिया गया है। इस घटना से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सतनामी समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ट्रेडर्स द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध मुरूम खनन कर रहे हैं । जिसके द्वारा बीते दिनों स्थानीय किसान की जमीन को भी मुरूम खनन कर समतल जमीन को गड्ढा कर दिया गया है। वहीं मंदिर हसौद मे और कुछ लोगों द्वारा क्षेत्र में मुरूम का अवैध खनन में लिप्त है। जहां मुरूम के अवैध खनन के चलते केनाल, गौठान के जमीन तथा जहां लोगों अपने मोक्ष का अंतिम द्वार मुक्तिधाम को ही मानते है। संदीप जोशी (छाया पार्षद), अनुज मिश्रा, पीतांबर सोनवानी, अवधेश मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, तथा नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी। नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने तुरंत मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव को अवगत कराया, जो तत्काल मुक्तिधाम पहुंचे और मुरुम माफिया के कृत्य से रूबरू हुए। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ ट्रेडर्स लगातार अवैध मुरुम खनन कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में स्थानीय किसान की जमीन को भी गड्ढा कर दिया है। वहीं मुक्तिधाम में अवैध खनन के चलते मंदिर हसौद सतनामी समाज में काफी आक्रोश है।



## पप्पू बंजारे ने पूर्व मंत्री धनेंद्र से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

**आरंग।** रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त अध्यक्ष पप्पू बंजारे ने आज संतोषी नगर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, अभनपुर के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री प्रवीण साहू तथा जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में तीनों नेताओं द्वारा रायपुर ग्रामीण जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से पहुँचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सभी ने मिलकर नए उत्साह और ऊर्जा के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी में सास-बहू सम्मेलन आयोजित



**आरंग।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की 40 जोड़ी सास और बहुएं शामिल हुईं। डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जानकारी देना, नसबंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पुरुषों की सहभागिता को बढ़ावा देना है। डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत ने बताया कि इसी प्रकार का आयोजन ब्लॉक के सभी स्थानों में किया जाना है। कार्यक्रम में गांव के सरपंच राकेश पटेल, तोरणलाल साहू, सेक्टर सुपरवाइज़र परशुराम साहू, असिस्टेंट सुपरवाइज़र दयालु भारद्वाज, अश्विनी साहू, खिलानंद साहू, लीना देवांगन, विष्णु कुमार बंजारे, नीता शर्मा, भुनेश्वरी साहू, मितानिन संगीता पटेल, मीना सेन, अमेरिका साहू, प्रभा साहू, राधिका पटेल, सुशीला साहू आदि उपस्थित रहे।

## धरसीवां में धान खरीदी ठप, टोकन न मिलने से किसान परेशान, आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

जब से धान खरीदी शुरू हुई है किसान लगातार समस्याओं से जूझ रहा है। किसान पहले शुरुवाती दिनों में कर्मचारियों कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल के कारण व्यवस्था चरमरा गई। हड़ताल से वापस आने के बाद अनावरी रिपोर्ट अनुसार खरीदी किए गए अब किसान धान बेचने के लिए टोकन कटाने चक्कर लगाने मजबूर हो रहे है।

किसान समितियों में एवं कंप्यूटर सेंटर में टोकन के लिए लगातार पहुंच रहे हैं लेकिन टोकन नहीं कट रहा है ऐसी स्थिति में किसान चिंतित हैं, बहुत किसानों में आक्रोश है किसान अब इंतजार करके थक गए अब गुस्से में किसान समितियों में आंदोलन करने मजबूर होगे दबे जुबान किसान आपस में लामबंद हो रहे है, समिति प्रबंधक भी हैरान है। किसानों को जवाब देते देते परेशान हो रहे हैं। किसानों के गुस्से का शिकार हो रहे हैं अनेक समितियों में उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके है लिमिट बढ़ाने अनुरोध भी कर रहे हैं लेकिन सरकार की अड़ियल रवैया के कारण किसान एवं समिति प्रभारी परेशान है किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने बताया कि आज धरसीवा एवं कुरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया किसानों से चर्चा हुई। किसानों ने बताया की टोकन के लिए 10 दिनों से समितियों एवं कंप्यूटर सेंटर का चक्कर काट लिए लेकिन कही भी टोकन नहीं कट रहा है। समितियों में जानकारी लेने पर पता चला कि समिति की खरीदी लिमिट बढ़ा नहीं रहे है जिसके कारण टोकन नहीं कट रहा हैं। लिमिट बढ़ाने की माग समितियों से भी हो रहा है लेकिन सरकार आख मुदकर किसानों को परेशान कर रहे है।

किसानों को राहत दिलाने किसानों की माग पर किसानों के साथ टोकन के लिए समितियों में आंदोलन करने बाध्य होंगे। किसान बहुत ज्यादा परेशान है साथ ही मांग कर रहे हैं कि समितियों की धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए जिससे टोकन काट सके किसानों को राहत मिल सके। साथ ही समितियों से धान का उठाव की व्यवस्था करें जिससे सुगमता से खरीदी हो सके। अनेक समितियों में जगह अभाव के कारण खरीदी प्रभावित हो सकती है जिस प्रकार कुरा समिति में कुछ दिन में बाहर खरीदी करने मजबूर होंगे।

## गुरु प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में जरूरतमंदों को कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



एकता सतनामी महिला समिति आरंग के तत्वाधान में सोमवार को दिसंबर माह गुरु प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामाया पारा आरंग में स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा मंदिर में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना से किया गया। गुरु बाबा के मुख्य संदेश मनखे-मनखे एक समान तथा उनके सात वचनों सतनाम पर विश्वास करना, जीव हत्या नहीं करना, मांसाहार नहीं करना, चोरी व जुआ से दूर रहना, नशा सेवन नहीं करना, जाति-पांति में नहीं पड़ना और व्यभिचार नहीं करना को सतनाम पंथ की नींव बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा गुरुवाणी को आत्मसात करने और सतनाम के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

गुरु पर्व के उपलक्ष्य में गुरु घासीदास बाबा के बताए हुए मानव सेवा के मार्ग का अनुसरण करते हुए समिति द्वारा समाज के जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति की संगीता पाटले, डम्बेश्वरी कोशले, गोमती राजेत्री, विभा बजारे, सुशीला गिलहरे, हेमा बंजारे, तनुजा पुरेना, चांदनी गिलहरे, भारती टोंडरे, गोदावरी कोशले, सुनीता सुरतांगे, रुखमणी टंडन, मीना कोशले, भुनेश्वरी बंजारे, अंजुलता टंडन, निधि राजेत्री, निधि पाटले, लोकेश्वरी कोराले, द्रोपती बाघमार तथा समाज के प्रमुख बुद्धिजीवी एवं गणमान्यों में गणेश बांधे, खेमलाल खेलवार, एवन बंजारे, साहेबदास बंजारे, टिकेश्वर गिलहरे, नंदकुमार ढीढी, पुनेश्वर घृतलहरे, दशरथ पुरेना, अंबिका भारद्वाज, तीरथ बाई, हरक घृतलहरे, पुन्नी बाई टंडन, हीराबाई खेलवार, संतवंतीन महिलांग, दशरथ पुरेना, सुमित्रा खेलवार, पुन्नी गिलहरे, बुद्धा बाई खेलवार, हीराबाई, शारदा गुरूपंच, पुन्नी बाई टंडन, द्रोपती टंडन आदि की उपस्थिति रही।

## शोभायात्रा में मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**अभनपुर।** सतनामी समाज अभनपुर परिक्षेत्र द्वारा गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली शोभायात्रा के लिए मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रित किया गया। समाज के अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन के नेतृत्व में समाज के लोगों ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और उन्हें 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रमन सिंह ने समाज के लोगों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति दी है। यह जानकारी दी गई कि विगत कई वर्षों से गुरू घासीदास जयंती के कार्यक्रमों का शुभारंभ अभनपुर से ही होता आया है। इस कार्यक्रम में समाज के लोग बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

**किसानों से सीधा संवाद, व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी**

# धान खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता सर्वोपरि : सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार को आरंग क्षेत्र के लखौली, मंदिरहसौद और पलौद धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। सचिव ने रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के साथ किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनसे उपार्जन प्रक्रिया व प्रबंधन से जुड़े फीडबैक भी प्राप्त किए। सचिव कंगाले ने स्पष्ट कहा कि किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि धान खरीदी सीधे किसान से ही सुनिश्चित की जाए और कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही गेट पास ऐप में समयबद्ध एंट्री हर हाल में सटीक रूप से दर्ज की जाए, ताकि छोटे एवं सीमांत किसानों के टोकन कटने में कोई बाधा न आए।निरीक्षण के दौरान सचिव ने तौल व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टैकिंग सिस्टम सहित सभी प्रबंधों की बारीकी से जांच की। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदी केन्द्रों में किसानों को कहीं भी प्रतीक्षा या असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारी हमेशा तत्पर रहें।



### किसानों को धान बेचने में समस्या न हो

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितनी धान खरीदी की जाए उसका भौतिक सत्यापन भी अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करना सभी जिम्मेदार अधिकारियों का दायित्व है। निरीक्षण दल में अपर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे, खाद्य नियंत्रक भूपेन्द्र मिश्रा एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास, ज्योति मशियारे तहसीलदार आरंग व सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। खरीदी सीजन के बीच सचिव के इस निरीक्षण से प्रशासनिक अमले में जहां तेजी आई है, वहीं किसानों ने भी व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 01

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 28.11.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमाबाई यादव वगै. पिता/पति बिसौहाराम निवासी रायपुरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर- 57 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 644/179 रकबा 0.0320 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26/09/2025 के परिपालन में दिनांक 05/12/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट आज

**रायपुर।** साय कैबिनेट की बैठक बुधवार को मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में 13 दिसंबर को राज्य सरकार के दो साल पूरा होने को लेकर आगामी योजनाओं पर चर्चा होगी। साथ ही आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान पेश होने वाले विधेयकों के प्रारूप को भी मंत्रिमंडल अपनी मंजूरी देगा। धान खरीदी को लेकर कैबिनेट में चर्चा कर उसकी समीक्षा की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उसे मंजूरी दी जाएगी।

### राजभवन अब कहलाएगा लोकभवन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभवन अब लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने राजभवन का नाम परिवर्तित कर लोकभवन करने का आदेश आज जारी कर दिया है। राज्यपाल के सचिव ने बताया कि राज्यपालों के सम्मेलन-2024 में राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन करने का सुझाव दिया गया था। इसी के अनुरूप गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के परिपालन में अब से सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए राजभवन का नाम लोकभवन के नाम से पढ़ा एवं लिखा जाएगा।

### राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**रायपुर।** नवाचार केवल प्रयोगशालाओं और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे समाज से जोड़ना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कहीं। इनोवेशन सेल, ऑल इंडिया तकनीकी शिक्षा परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज शंकराचार्य व्यावसायिक प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में यह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## निधन

### सुखबाई कंवर



**रायपुर।** कोरबा क्षेत्र के ग्राम चारपारा गिधोरी निवासी सुखबाई कंवर का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे गृहग्राम में किया जाएगा। वे सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह कंवर, गोविंदा सिंह कंवर, सीमा कंवर की माता थीं।

### सलीम सदरुद्दीन हुड्डा



**रायपुर।** फरिश्ता अपार्टमेंट बैरन बाजार निवासी सलीम सदरुद्दीन हुड्डा (52) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका जनाजा 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे सलीम हुड्डा जूनियर और रानी हुड्डा के भाई थे।

### सरस्वती पांडेय



**रायपुर।** ब्राह्मण पारा निवासी सरस्वती पांडेय (78) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसंबर को दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक आरके पांडे (धमधा वाले) की पत्नी एवं रश्मि, राजीव, संदीप की माता थीं।

### नरेंद्र कुमार यादव



**रायपुर।** टिकरापारा हसन कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार यादव (40) का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशानघाट में किया गया। वे दिनेश, नरेश यादव के छोटे भाई थे।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच में आधा दर्जन आईपीएस अफसरों को मिली सुरक्षा की जिम्मेदारी

## पुलिस विभाग के 1500 एवं यातायात के 500 अधिकारी-जवान रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर के ग्राम परसदा स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। छत्तीसगढ़ पुलिस प्रशासन ने इस मैच की सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ 6 आईपीएस अफसरों की भी ड्यूटी लगाई है। इन अफसरों को स्टेडियम के अलग-अलग 6 सेक्टर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्टेडियम में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के 1500 अधिकारी-कर्मचारी तथा पार्किंग सहित मुख्य मार्ग पर गाड़ियों का आवागमन बिना जाम लगे सुचारू रूप से हो, इसके लिए यातायात विभाग के 500 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार वनडे मैच सुरक्षा के प्रभारी बनाए गए डीआईजी गिरिजाशंकर जायसवाल ने स्टेडियम के अलग-अलग सेक्टर की सुरक्षा की जिम्मेदारी 6 आईपीएस अफसरों को सौंपी है। इन अफसरों के मार्गदर्शन में सभी सेक्टरों में पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्टेडियम के साथ मेफेयर रिसोर्ट के चारों तरफ खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस जवान भी तैनात किए गए हैं।




### रिसोर्ट से स्टेडियम तक रूट सील

खिलाड़ियों सहित अन्य वीआईपी लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने रिसोर्ट से लेकर स्टेडियम तक के रूट को सील कर दिया है। इस रूट में जगह-जगह पुलिस अधिकारी-जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### आईजी-डीआईजी ने सुरक्षा के मद्देनजर ली बैठक

वनडे मैच के एक दिन पूर्व भी आईजी अमरेश मिश्रा और डीआईजी गिरिजाशंकर ने सभी एएसपी, डीएसपी रैंक के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने रिसोर्ट से लेकर स्टेडियम तक तथा स्टेडियम के अंदर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की, साथ ही आवश्यक निर्देश दिए।

## ऑनलाइन टेंडर में 10 कंपनियों ने दिया था प्रेजेंटेशन, 2 अपात्र, 8 कंपनी क्वालीफाई

# प्रापर्टी रीएसेसमेंट के लिए नए साल में होगा लीडार सर्वे, जल्द तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के 70 वार्डो में मकानों, दुकानों, खाली प्लॉट सहित अन्य प्रापर्टी का रीएसेसमेंट सर्वे होगा। इसमें हर वार्ड की थ्रीडी मैपिंग की जाएगी। इसके ही आधुनिक व बहुआयामी तकनीक की सहायता से लीडार सर्वे कर डॉटा जुटाया जाएगा। 7 साल बाद यह दूसरा मौका है, जब नगर निगम शहरभर की प्रापर्टी को खंगाल कर उसे कर के दायरे में लाने की तैयारी में है, क्योंकि जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में हुए नए निर्माण और पुराने मकान में अतिरिक्त निर्माण के साथ ही कई लोगों ने खुले भूखंड का क्रय किया है। इसका सटीक ब्योरा नगर निगम के पास नहीं है। लीडार सर्वे में छूटी हुई प्रापर्टी और नई प्रापर्टी की वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी जुटाकर उसे कर के दायरे में लाने की योजना है।

70 वार्डो में स्थित आवासीय, व्यावसायिक परिसर, खुले भूखंड की वर्तमान स्थिति का अत्याधुनिक तकनीक से सर्वे कर निर्माण की जानकारी जुटाने पहली बार नगर निगम लीडार सर्वे कराएगा। इसमें 7.60 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर बड़ी कंपनियों को आमंत्रित किया गया। इसमें देशभर के अलग-अलग राज्यों की 10 कंपनियों ने निविदा भरी। महात्मा गांधी सदन में महापौर, आयुक्त के समक्ष बारी-बारी से सभी कंपनियों ने अपने प्रोजेक्ट का पॉवर प्रेजेंटेशन भी दिया। इसमें सर्वे की तकनीक, तरीका और उसमें लगने वाला समय सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी। दस्तावेज परीक्षण तथा अन्य मापदंडों में परख करने के बाद 2 कंपनियां इसमें अपात्र करार दी गईं, 8 कंपनियां क्वालीफाई हुई हैं। चयनित कंपनियों के आरएफपी को नगर निगम की निविदा समिति ने सहमति दे दी है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप से एप्रूवल होना बाकी है। अब इन कंपनियों से फाइनेशियल बीड मंगाकर दर तय करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### अनुबंधित एजेंसी को 12 माह में पूरा करना होगा काम



### शहर में 2017-18 में हुआ था जीआईएस सर्वे

केंद्र सरकार द्वारा विश्वबैंक परियोजना के तहत देशभर के चुनिंदा निकायों में जीआईएस सर्वे कराया गया। रायपुर नगर निगम ने केंद्र से इम्पेनल्ड एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति मंगाकर कम रेट कोड करने वाली एजेंसी से पूरे रायपुर का जीआईएस सर्वे कराया। सर्वे में शहरभर में 2 लाख 84 हजार प्रापर्टी सूचीबद्ध की गई। हालांकि सर्वे में कई तरह की खामियां भी रहीं, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी रही। दावा-आपत्ति और इसमें निराकरण के बाद ऑनलाइन डॉटा अपडेट कर नगर निगम के राजस्व विभाग ने मकान, दुकान की प्रापर्टी तैयार की। इस कार्य में 1 से 2 करोड़ रुपए खर्च हुए, पर नगर निगम को इसमें रत्तीभर खर्च नहीं करना पड़ा। केंद्र सरकार ने ही सर्वे का पूरा खर्च उठाया।

### ड्रोन सर्वे से बेहतर है लीडार सर्वे

निगम के आईटी सेल के अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन सर्वे में एक सीमा तक लेयर कैप्चर कर सकते हैं, पर लीडार सर्वे में एक साथ मल्टीलेवल लेयर कैप्चर करना आसान होता है। इसमें ड्रेनेज, पीने के पानी की पाइपलाइन और प्रापर्टी की बहुत सूक्ष्मता से जानकारी चित्र के साथ कैप्चर की जा सकेगी। इससे पूरे शहरभर की प्रापर्टी का सटीक डाटा एकत्र करने में आसानी होगी।

### जल्द तय होगी एजेंसी

नगर निगम शहरभर में स्थित प्रापर्टी का रीएसेसमेंट सर्वे कराने की तैयारी में है। ऑनलाइन टेंडर के बाद पावर प्रेजेंशन के साथ दस्तावेज परीक्षण सहित अन्य मापदंडों पर 8 कंपनी ने क्वाली फाई किया है। दर प्राप्त होने के बाद सबसे कम दर कोड करने वाली एजेंसी को सर्वे का जिम्मा दिया जाएगा।

\- रंजीत रंजन
आईटी सेल हेड
नगर निगम रायपुर

# नए साल में रायपुर में होगा साहित्य उत्सव जुटेंगे देशभर के 100 से अधिक साहित्यकार

- मुख्यमंत्री साय ने किया उत्सव के लोगो का अनावरण
- कहा- छत्तीसगढ़ को मिलेगी नई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए वर्ष की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ एक बार फिर साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर होने को तैयार है। आगामी महीने रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी तक होगा, जिसमें देशभर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे।

राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस आयोजन की परिकल्पना की गई थी। उनकी यह परिकल्पना अब साकार रूप लेने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में रायपुर साहित्य उत्सव के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शंशाक शर्मा, जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, वरिष्ठ साहित्यकार सुशील त्रिवेदी, डॉ. चितरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ. संजीव बक्शी, प्रदीप श्रीवास्तव और शकुंतला तरार उपस्थित थीं।

### रजत जयंती वर्ष का महत्वपूर्ण अध्याय : सीएम साय

लोगो अनावरण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरा प्रदेश रजत महोत्सव मना रहा है, और रायपुर साहित्य उत्सव उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ को, बल्कि पूरे देश के मूर्धन्य साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री देव साय की संकल्पना पर आधारित इस आयोजन की व्यापक कार्ययोजना मात्र दो माह में तैयार की गई है। यह तीन दिवसीय महोत्सव 23, 24 एवं 25 जनवरी 2026 को जनजातीय संग्रहालय के समीप आयोजित होगा। **11 सत्रों का होगा आयोजन :** इस उत्सव में कुल 11 सत्र शामिल होंगे। इनमें 5 समानांतर सत्र, 4 सामूहिक सत्र, और 3 संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के बीच सीधा संवाद और विचार-विमर्श होगा।

## स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो का संकल्प स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को पहुंचेगी रायपुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने और इसकी खूबियों को आम जनता तक पहुंचाने देशभर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। 9 दिसंबर को यह यात्रा रायपुर पहुंचेगी।

कैट एवं एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इस यात्रा यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में मंगलवार पंडरी स्थित कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को "स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो" का संकल्प दिलाया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है।



## जंगल सफारी से शिफ्ट किए गए पक्षियों का उपाध्याय ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदनवन स्थित पक्षी विहार में लगातार बढ़ रही अव्यवस्था और पक्षियों की मौत की खबरों के बाद पूर्व विधायक विकास उपाध्याय मंगलवार को मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि 38 पक्षियों को बिना किसी वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और बिना विभागीय अनुमति के रातों-रात जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिया गया, जो वन्यजीव संरक्षण नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद विकास उपाध्याय सीधे जंगल सफारी पहुंचे, जहां उन्होंने उन सभी पक्षियों की स्थिति का निरीक्षण किया, जिन्हें अवैध रूप से नंदनवन से हटाकर पहुंचाया गया। उन्होंने अधिकारियों से भी इस गैरकानूनी शिफ्टिंग के कारण और प्रक्रिया पर जवाब मांगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, नंदनवन छत्तीसगढ़ की पहचान है, इसे पक्षी विहार बनाकर इसकी मूल पहचान से खिलवाड़ किया गया। यहां के जानवरों को अंबानी के वान्तारा जू भेज दिया गया। बाकी जानवरों को जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन अब जो पक्षी विहार बचा है, उसे भी भाजपा सरकार बर्बाद करने में लगी है। उन्होंने कहा कि नंदनवन में चूहों के हमले से पक्षियों की मौत और अब बिना प्रोटोकॉल शिफ्टिंग ये सब भाजपा सरकार की घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का परिणाम है।

# 15 लाख 65 हजार टन की खरीदी, सहकारी समितियों में आवक बढ़ने से डंप हो रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के 15 दिन बीतने के बाद अब तक 15.65 लाख टन की खरीदी हो चुकी है। सोसाइटियों में धान का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है। बेमेतरा और बलौदाबाजार जिलों में सबसे अधिक धान की खरीदी होने से यहां पर सोसाइटियों में बफर स्टॉक की स्थिति बनने लगी है। परिवहन किए जाने को लेकर मार्कफेड की ओर अब तक कोई दिशा निर्देश जारी नहीं होने के कारण जिलों से डीओ नहीं काटा जा रहा है।

ऐसे में धान के उठाव में देर होने से सोसाइटियों को सूखत की मार झेलनी पड़ सकती है। 15 नवंबर से राज्य के सभी जिलों में एक साथ धान खरीदी शुरू होने के बाद अब किसानों के द्वारा प्रतिदिन भारी मात्रा में धान लाया जा रहा है। 2 दिसंबर को 1.89 लाख टन धान की खरीदी की गई। खरीदी के बाद धान की सुरक्षा को लेकर सोसाइटियों की चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों में धान की मात्रा और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सोसाइटी में धान का स्टॉक जाम होने से खरीदी पर प्रभाव पड़ेगा।



### खाद्य सचिव ने किया लखौली, पलौद और मंदिर हसौद धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने रायपुर जिले के लखौली, मंदिरहसौद, पलौद और कांकेर जिले में धान खरीदी केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनसे व्यवस्थाओं एवं उपार्जन प्रक्रिया से जुड़े फीडबैक प्राप्त किए। उन्होंने कहा, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान से ही धान खरीदी की जाए और कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही गेट पास एप्प में समयबद्ध एंट्री हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यह ध्यान रखें कि छोटे एवं सीमांत किसानों के टोकन कटने में कोई बाधा न हो। उन्होंने तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टैकिंग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंधों की बारीकी से जांच की। जितनी धान खरीदी की जाए उसका भौतिक सत्यापन भी किया जाए। साथ ही यह ध्यान रखें की किसानों को धान देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

## डेढ़ एकड़ में बनेगी आधुनिक परीक्षण शाला, 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति

# इंटीग्रेटेड फूड एंड ड्रग लैब से सौ गुना बढ़ जाएगी जांच की ताकत, मेडिकल डिवाइसेस की टेस्टिंग भी यहीं संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवा रायपुर में होगी तीन मंजिला इमारत, बजट में हुई थी सुसज्जित लैब की घोषणा

नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन में तैयार होने वाले आधुनिक इंटीग्रेटेड फूड एंड ड्रग लैब के जरिए जांच की क्षमता सौ गुना तक बढ़ जाएगी। अभी सालभर में होने वाले रासायनिक परीक्षणों की संख्या 8 हजार हो जाएगी।

इसके लिए उपयोग किए जाने वाले दास्ताने और सर्जरी ग्लब्स सहित मेडिकल डिवाइसेस की टेस्टिंग के लिए दूसरे राज्यों का मुंह नहीं देखना होगा। इस लैब के निर्माण के लिए 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। राज्य बजट में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड लैब की घोषणा की गई थी। नवा रायपुर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला सह एफडीए भवन के निर्माण के लिए 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। यहां निर्माण पूर्ण होने के बाद आधुनिक उपकरणों की मदद से जांच प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीन मंजिला इस भवन में इंजेक्शन, आई ड्राप जैसे माइक्रोबायोलॉजिकल वस्तुओं के 2000 नमूने प्रतिवर्ष टेस्ट किए जा सकेंगे। अभी चिकित्सकीय उपकरण और सर्जिकल आयटम की जांच के लिए राज्य के दूसरे लैब पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए विभाग को शुल्क भी देना पड़ता है। इस तरह की जांच के साथ फार्मास्यूटिकल्स के 50 के बजाए एक हजार नमूने यहां परखे जाएंगे।

### अभी जांच में लग जाते है महीनों

वर्तमान में राज्य की एकमात्र प्रयोगशाला कालीबाड़ी में स्थित है। यहां खाद्य सामग्रियों के साथ दवाओं से संबंधित सीमित जांच की जाती है। पुरानी मशीन और सीमित संसाधन होने की वजह से लिए जाने वाले सैंपलों की टेस्टिंग होने में कई महीने लग जाते हैं। इससे मामले की गंभीरता भी खत्म हो जाती है। अभी भी लैब में दवाओं से संबंधित की सैंपलों की जांच पेंडिंग है।



### मजबूत होगा खाद्य सुरक्षा का ढांचा : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रशासकीय स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रयोगशाला राज्य में खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और मजबूत करेगी। इससे जांच प्रक्रिया अधिक आसान, पारदर्शी और प्रभावी होगी। सरकार जनता को शुद्ध, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद एवं दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह आधुनिक प्रयोगशाला राज्य के लिए एक आदर्श प्रयोगशाला के रूप में विकसित होगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 01
:: आम सूचना ::
जारी दिनांक 28.11.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमाबाई यादव वगै. पिता/पति बिसौहाराम निवासी रायपुरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर- 57 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 644/179 रकबा 0.0320 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार / तहसीलदार / नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26/09/2025 के परिपालन में दिनांक 05/12/2025 को समय 01:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01

## खबर संक्षेप

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कामबंद-कलमबंद हड़ताल

**रायपुर।** प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी डीए, वेतन विसंगति, कैशलैस सुविधा सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कामबंद, कलमबंद हड़ताल करेंगे। यह हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय आंदोलन के रूप में की जाएगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की संभाग स्तरीय बैठकें होंगी । 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अब अधिकारी, कर्मचारी कामबंद, कलमबंद हड़ताल कर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने की तैयारी में है। इसकी तैयारी के लिए फेडरेशन की संभाग स्तरीय बैठक होगी। दुर्ग संभाग की बैठक 13 दिसंबर, बिलासपुर संभाग की बैठक 18 और सरगुजा संभाग की बैठक 19 दिसंबर को आयोजित होगी। इसी तरह रायपुर संभाग 20 दिसंबर और 21 दिसंबर बस्तर संभाग की बैठक जगदलपुर में रखी गई है। इन बैठकों में फेडरेशन से संबद्ध पदाधिकारी आमंत्रित हैं।

### मौसम विज्ञान के उपकरणों से रूबरू हुए विद्यार्थी

**रायपुर।** पंचकुला, हरियाणा में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के परिप्रेक्ष्य में मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर में एक कटेन-रेज़र कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में डाटा सेंटर, वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के ट्रैनिंग हेड जयंत दास मुख्य अतिथि के रूप में में शामिल हुए। मौसम विज्ञान केंद्र की प्रमुख सामंती सरकार ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतिभागियों को भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन राज्य मौसम पूर्वानुमान सेवाओं की प्रभारी डॉ.गायत्री कांचीभोटला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र, रायपुर में मौसम पूर्वानुमान में प्रयुक्त उपकरणों व तकनीकों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसे देखने के लिए लोगों में उत्साह व उत्सुकता माहौल था। उपास्थित लोगों को विशेषज्ञों ने इन उपकरणों व तकनीकों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### पौने तीन किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में पुलिस की सतत कार्रवाई के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। आपरेशन निश्चय के अंतर्गत तिल्दा पुलिस ने एक आरोपी को गांजा के अवैध परिवहन के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार और जब्ती की कार्रवाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की। जानकारी मिली कि मोटरसाइकिल अपाचे सीजी 04 एनजेड 9660 का चालक अवैध मादक पदार्थ तिल्दा की ओर ला रहा है। पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपी को रोककर वाहन और उसके पास रखे सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी गोलू देवार निवासी वार्ड क्र. 15 तिल्दा के पास से कुल 2 किलो 770 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसका अनुमानित मूल्य 45,000 रुपये बताया गया है।

### जमीन गाइडलाइन दर वृद्धि के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेशभर में जमीन की रजिस्ट्री और गाइड लाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया। राजधानी रायपुर में नगर निगम के पास पहाड़ी मैना चौक पर पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर वित्तमंत्री ओपी चौधरी का पुतला फूंका गया। प्रदर्शनकारियों पर नजर रखने पुलिस के जवान इस दौरान स्थल पर मौजूद रहे। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमीन की गाइडलाइन दर में मनमानी वृद्धि के आदेश को तुगलकी फरमान करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग कर नारे लगाए। आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि सरकार के इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा।

# जरूरत के बिना कोषालय से राशि निकालना गंभीर अनियमितता, छत्तीसगढ़ में लागू होगा केंद्र का सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अधिकारी अब राज्य पोषित योजनाओं के लिए जरूरत के बिना कोई राशि नहीं निकाल सकते। सरकार का मानना है कि ऐसा करना एक गंभीर अनियमितता है। इस गड़बड़ी को दूर करने का रास्ता भी सरकार ने निकाला है। इसी अनियमितता को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक पोर्टल एसएनए स्पर्श बनाकर अग्रिम आहरण पर नियंत्रण कर लिया है। इसी तरह अब राज्य में मदर चाइल्ड अकाउंट की व्यवस्था की जा रही है। इस मामले को लेकर मुख्य सचिव ने भी निर्देश जारी किए हैं।

अलग खबर

## वित्त विभाग ने जारी किया सभी वरिष्ठ अफसरों को निर्देश

### वित्त विभाग ने जारी किए निर्देश

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, और सभी सचिवों को निर्देश जारी किया है। इसमें साफ किया गया है कि छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता भाग-एक के सहायक नियम 284 के अनुसार कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी जब तक कि तत्काल संवितरण किया जाना आवश्यक न हो। मांग की प्रत्याशा में या बजट अनुदानों को व्यपगत होने से बचाने हेतु कोषालय से अग्रिम निकालना एक गंभीर अनियमितता है।

### ये होता है जो होना नहीं चाहिए



वित्त विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे निर्देश में बताया है कि कोषालय से बिना जरुरत राशि निकालने के बाद किस तरह की गड़बड़ी होती है। उदाहरण के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों के अधोसंरचना विकास, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना आदि के अंतर्गत नगरीय निकायों में कार्य स्वीकृत करते हुए राशि का अग्रिम आहरण कर बैंक खाते में रखी जाती है एवं संबंधित नगरीय निकायों के खातों में बाद में राशि किस्तों में अंतरित की जाती है। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा मूलभूत कार्यों हेतु अनुदान, मुख्यमंत्री राज्य ग्रामीण विकास योजना आदि के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कार्य स्वीकृत करते हुए राशि आहरण कर जिला पंचायत के बैंक खाते में रखी जाती है तथा संबंधित ग्राम पंचायत को बाद में राशि किस्तों में दी जाती है। यह प्रक्रिया उचित नहीं है तथा किसी भी स्वीकृत कार्य में कार्य की प्रगति के आधार पर राशि का भुगतान संबंधित एजेंसी को किया जाना चाहिए।

### केंद्र ने पाया है इस गड़बड़ी पर नियंत्रण

*भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिये जस्ट इन टाइम प्रणाली पर आधारित एसएनए स्पर्श मॉडल लागू किया है, जिससे इन योजनाओं में अग्रिम आहरण पर नियंत्रण संभव हो सका है। वर्तमान में विभिन्न राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये राशि कोषालय से आहरित कर बैंक खातों में रखी जाती है। अग्रिम आहरण के कारण अप्रयुक्त राशि बैंक खातों में सुस्त पड़ी रहती है।*

### मदर चाइल्ड अकाउंट सिस्टम होगा लागू- सीएस

*इस मामले को लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की भांति राज्य पोषित योजनाओं के लिए भी जस्ट इन टाइम प्रणाली पर आधारित मदर चाइल्ड अकाउंट व्यवस्था लागू की जाए।*

## बृजमोहन ने कहा- ये फैसला न जनहित में न शासन हित में

# रायपुर सांसद ने सीएम को लिखी चिट्ठी, गाइडलाइन दरें अव्यवहारिक, 99 प्रतिशत जनता पर आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर हाल में बढ़ाई गई जमीनों की गाइड लाइन दरों को अव्यवहारिक बताते हुए कहा है कि यह प्रदेश की 99 प्रतिशत जनता पर आर्थिक बोझ डालने वाली है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस विषय में व्यापक विरोध को देखते हुए लागू कलेक्टर गाइड लाइन के मूल्य वृद्धि को अविलंब स्थगित करने विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर परीक्षण कराने का निर्देश देते हुए राज्य की जनता को राहत प्रदान करेंगे।

श्री अग्रवाल ने लिखा है- प्रदेश में बिना किसी जन-परामर्श, बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन और बिना सामाजिक-आर्थिक प्रभावों की समीक्षा के बिना कलेक्टर गाइड लाइन दरों में 100 प्रतिशत से लेकर 800-900 प्रतिशत तक की अनसुनी, अनियोजित वृद्धि कर दी गई है। इससे पूरे प्रदेश में अनेक वर्गों में असंतोष उफान पर है। किसान, छोटे व्यवसायी, कुटीर उद्यमी, मध्य वर्ग, छोटे रियल एस्टेट क्षेत्र और निवेशक सभी इस निर्णय के खिलाफ है व्यापक विरोध को देखते हुए यह निर्णय किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है, राजनीतिक दृष्टि से तो बिल्कुल नहीं है।

### 725 प्रतिशत की उछाल





*इसी परिप्रेक्ष्य में रायपुर और नया रायपुर के कुछ उदाहरण है जो पुनर्विचार करने के लिए सोचने पर मजबूर कर रहा है लाभांडी ग्राम 0.405 हे. भूमि, पूर्व गाइडलाइन के अनुसार मूल्य रू 1.77 करोड़, नवीन गाईड लाईन के अनुसार मूल्य रू 12.79 करोड़ अर्थात 725 प्रतिशत की उछाल, क्या एक ही वर्ष में यह वृद्धि तार्किक है? निश्चित रूप से नहीं-यह प्रशासनिक चूक नहीं है। ग्राम निगोरा 0.405 हे भूमि, पूर्व मूल्य रु 15.58 लाख, नवीन मूल्य स 1.41 करोड़ यानी लगभग 888 प्रतिशत की वृद्धि। क्या यह किसी भी आर्थिक न्याय पा बाजार वास्तविकता के अनुरूप है?*

### क्या यही इज ऑफ लिविंग है?

राज्य में हजारों की संख्या में किसान और लघु व्यवसायी मुझसे मिले थे एवं अलग अलग ज्ञापन दिये हैं, उनका अनुत्तरित प्रश्न है क्या यही इज ऑफ लिविंग है? क्या यही इज ऑफ डूइंग बिजनेस है? इस नवीन गाइड लाइन के निर्णय से प्रदेश में निवेश रुक जावेगा, लघु उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा और छत्तीसगढ़ में रोजगार के अवसर कम होगे? राजस्व पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा? नई गाइड लाइन की दरों में की गई यह वृद्धि लोक कल्याणकारी शासन की भावना के विपरीत है और यह निर्णय प्रदेश की आर्थिक रीढ़-कृषि, लघु उद्योग और मध्य वर्ग सभी पर करारी चोट साबित होगी। व्यापक तौर पर जन भावनाएं इस निर्णय से असहमत हैं लोकतंत्र में जन भवानओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

### न जनहित न शासन हित में

श्री अग्रवाल ने लिखा है- निर्णय न तो जनहित में है, न शासन हित में और न ही प्रदेश के विकास के लिए तर्कसंगत है। मुझे लगता है कि यह वृद्धि छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों के सपनों और आजीविका पर प्रभाव डालेगा। अनुरोध है कि नई गाईड लाईन वृद्धि की दर को स्थगित किया जाए। पूर्ववत गाईड लाईन दरें पुनः लागू की जाएं। नई गाईड लाईन हेतु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा, स्वतंत्र आर्थिक मूल्यांकन, विषय विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाकर परीक्षण व वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर, नई नीति तैयार की जाए। नवा रायपुर में सम्मिलित ग्रामों को नगरीय क्षेत्र से मुक्त किया जाए। पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत से घटाकर 0.8 प्रतिशत किया जाए।

### गांवों को शहर बना दिया... ये है अन्याय

नया रायपुर के गांवों को बिना मानक पूरा किए नगरीय क्षेत्र घोषित करना गंभीर त्रुटिपूर्ण निर्णय दिखाता है। नया रायपुर में शामिल गांवों के अंदर न सड़कें नगरीय स्तर की न नालियों बिजली-पानी का पर्याप्त प्रबंधन, न जनसंख्या, न औद्योगिक वाणिज्यिक गतिविधियां हैं। यह गांव अब भी कृषि प्रधान हैं। इन गांवों को नगरीय घोषित कर उनका मूल्यांकन शहर जैसी दरों पर करना अन्याय है। रजिस्ट्री शुल्क .08 प्रतिशत किया जाए। स्टांप शुल्क और पंजीयन शुल्क वर्ष 2018-19 में 30 प्रतिशत मूल्य में कटौती कर पंजीयन शुल्क 0.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था। अब मूल्य पुनः 100 प्रतिशत कर दिया गया, लेकिन पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत ही रखा गया है, जिसे कम कर फिर 0.8 प्रतिशत किया जाना जनहित में होगा। यदि मूल्य 100 प्रतिशत हो गया है, तो शुल्क भी 4 प्रतिशत से घटाकर पुनः 0.8 प्रतिशत किया जाना चाहिए।

### भूपेश ने कहा- गाइडलाइन में वृद्धि अव्यवहारिक, प्रदेश में होने वाला है बड़ा खेल



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमीन की गाइड लाइन दर बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह अव्यवहारिक आदेश है, जिसे वापस नहीं लिया जा रहा है। प्रदेश में रजिस्ट्री रुक गई है, लोग जमीन न खरीद पा रहे, न बेच पा रहे हैं, इसका मतलब बहुत बड़ा खेल होने वाला है। व्यापारी भी आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा, बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। पूर्व सीएम बघेल ने इस पर कहा कि बस्तर के लिए आपने एक फूटी कौड़ी नहीं दी। आपकी नजर बस्तर की जमीन, जंगल, खनिज पर है। नक्सल खत्म होने की बात तो हमने भी कही थी। हमारी सरकार में भी नक्सलियों से लड़ाई हुई, लेकिन हमने बस्तरवासियों को जमीन वापस कराई और वन अधिकार पट्टा के तहत जमीन बांटी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, इन्होंने एक भी काम किया हो तो बताएं। कहीं जमीन की गाइडलाइन बस्तर की वजह से ही तो नहीं बढ़ी?

**एसआईआर पर उठाए सवाल-** उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईआर ने कितने बीएलओ की जान ले ली। निर्वाचन आयोग ने नींद से जागकर 7 दिन का समय बढ़ाया है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, यूपी में अभी चुनाव तो नहीं है, फिर एक ही महीने का समय क्यों नहीं दिया गया? बीएलओ पर हमले को लेकर उन्होंने कहा, उन्हें धमकियां दी जा रही हैं, आत्महत्याएं हो रही हैं। कई लोग मानसिक दबाव में होंगे। घुसपैठियों की संख्या कितनी है, कोई राज्य नहीं बता रहा। भारत सरकार के गृह विभाग ने पत्र लिखा था, उसका पालन नहीं हो रहा है। टेलिकम्यूनिकेशन विभाग के उस आदेश पर भी श्री बघेल ने सवाल उठाए, जिसमें मार्च 2026 से सभी नए मोबाइलों में "संचार साथी ऐप" को प्री-इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया है।

# फॉरेंसिक्स एवरीवेयर विषय पर एम्स में राष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने भारतीय फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी कांग्रेस का 22वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। फॉरेंसिक्स एवरीवेयर की थीम पर आधारित यह दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर से अग्रणी फॉरेंसिक विशेषज्ञ, शिक्षाविद और चिकित्सक एक मंच पर जुटे। इस अवसर पर एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने पोक्सो एक्ट के तहत चिकित्सकों के सामने आने वाली जटिलताओं और नैतिक दुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बाल यौन शोषण मामलों के प्रबंधन में संवेदनशीलता और स्पष्टता बनाए रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रो. एली महापात्रा, डीन अकादमिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण प्रो. जगदीश चंद्र प्रवचन रहा, जिसे प्रख्यात विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) बीडी गुप्ता ने प्रस्तुत किया। उन्होंने "महिलाओं के लिए कानूनः वरदान या अभिशाप" विषय पर गहराई से व्याख्यान दिया। निदेशक एम्स अवंतीपुरी प्रो. सचिदानंद मोहंती ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों के लिए आवश्यक प्रशासनिक नेतृत्व कौशल पर प्रकाश डाला। फार्माकोलॉजिस्ट प्रो. एसपी धनेरिया ने अल्कोहल के साथ ड्रग इंटरेक्शंस, फॉरेंसिक विशेषज्ञ एवं फिल्म निर्देशक डॉ. सूमीक चौधरी ने जनजागरूकता फैलाने में फिल्मी माध्यम की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए। प्रो. आकाशदीप अग्रवाल और डॉ. उत्सव पारेख की प्रस्तुतियों में फॉरेंसिक शिक्षा एवं अभ्यास में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## जेम पोर्टल से सामग्री क्रय में अनियमितता

# राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य सहित 3 प्राध्यापक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापकों को जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर से आदेश जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन लाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक मनीषा भोई के द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से की गई क्रय की गई सामग्री में आर्थिक अनियमितता में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाई गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गई सामग्री में इनके द्वारा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापकों को सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय रायपुर रहेगा।

### बिना निविदा बांटे कार्य

बताया गया है कि 2 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी के आरोपों की जांच के लिए गठित कमेटी के संयोजक अपर संचालक-उच्च शिक्षा संचालनालय डॉ. किशोर कुमार तिवारी को नियुक्त किया गया है। आरोप है कि कॉलेजों के जिम्मेदारों ने बिना निविदा अपने चहेतों को लाखों का कार्य बांट दिए।

### यहां पर भी गड़बड़ी की जांच

जांच में बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में एक करोड़ के टेंडर कार्य में गड़बड़ी के आरोप है। तो वहीं शासकीय कॉलेज महासमुंद द्वारा 1 करोड़ के 36 अलग-अलग कार्य आदेश देने का मामला है। इसके अलावा वीरांगना रमोतीन गवर्मेंट मॉडल कॉलेज, नारायणपुर भी एक ही फर्म 35 लाख का कार्य दिया गया।

# नर्सिंग प्रवेश में जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव का विरोध, गुणवत्ता प्रभावित होने का हवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की खाली सीटों में प्रवेश के लिए जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। तर्क दिया गया है कि इससे नर्सिंग सेवा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं पर भी भविष्य में इसका गंभीर प्रभाव हो सकता है। नर्सिंग एसोसिएशन जीरो परसेंटाइल के प्रस्ताव को खारिज करने स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन सौंपा है। निजी नर्सिंग महाविद्यालय महाविद्यालय संघ द्वारा की गई मांग के आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा इंडियन नर्सिंग काउंसिल को प्रवेश की तारीख 31 दिसंबर करने के साथ नियम में शिथिल करने का प्रस्ताव दिया था।

- नर्सिंग एसोसिएशन ने स्वास्थ्य सचिव के सामने जताई आपत्ति

इस मामले में द नर्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने आपत्ति की है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने तर्क दिया है कि नर्सिंग जैसे तकनीकी एवं उच्च जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। शून्य या अत्यल्प अंक

### डीएमई के पत्र पर आपत्ति

नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नजीब अशरफ एवं अमित रॉय ने डीएमई द्वारा आईएनएसी को भेजी की चिट्ठी पर आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि आयुक्त चिकित्सा शिक्षा के ट्रांसफर होते ही नर्सिंग महाविद्यालय एसोसिएशन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग से परसेंटाइल की बाध्यता हटाने एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर करने पत्र लिखवा दिया। दूसरी ओर विभागीय मंत्री द्वारा अन्य राज्यों में प्रवेश की जानकारी देने निर्देश दिया था।

# एसआईआर : जिनके नाम 2003 की सूची में नहीं वोटर कार्ड लेकर बीएलओ के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। हर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या का आंकड़ा परिवर्तित होने की खबर है। इन सबके बीच मतदाताओं की पात्रता तय करने के लिए 2003 की सूची से मिलान के बाद अगली प्रक्रिया तय की जा रही है। इधर विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जिनके नाम सूची में नहीं हैं। उनकी चिंता है कि क्या मताधिकार नहीं मिलने से उनकी नागरिकता खतरे में आ जायेगी।

- एक ही परिवार से कई लोगों के नाम गायब, गणना पत्रक भी

शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों में (एसआईआर) पर काम चल रहा है। कामकाज को लेकर पहले ही मास्टर ट्रेनर्स की ओर से बीएलओ को प्रक्रिया समझाने प्रशिक्षण दिया गया। गणना प्रपत्र भरने और संबंधित दस्तावेज के विकल्प की जानकारी दी गई। अपने क्षेत्र में गणना प्रपत्र वितरण के साथ उन्हें जमा कराया जा रहा है। इसी के साथ इसे डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया का हिस्सा भी बनाया जा रहा है। 11 दिसंबर तक इस काम को करना है। विधानसभा क्षेत्रवार इसका शेड्यूल ईसीआई ने तय किया है। जागरूक और शिक्षित वर्ग के सामने प्रक्रियाओं को पूरा करने में अड़चनें नहीं हैं। इसके ठीक उल्टे निर्वाचन से जुड़े कार्य और इसकी उपयोगिता को लेकर उदासीन रहने वाला वर्ग कई वजह से परेशान है। हालांकि एक सप्ताह का समय बढ़ा दिया गया, लेकिन समस्या वही है।

### एक परिवार के कुछ लागों के नाम गायब



एक परिवार के कुछ लोगों के नाम 2003 की सूची में हैं और बाकी गायब। लोगों का दावा है कि उन्होंने कहीं से नाम कटाया नहीं है, तब भी ऐसे लोग अपने वोटर कार्ड लेकर बीएलओ के चक्कर लगा रहे हैं। बीएलओ का कहना है कि लोगों की गलती से ऐसा हुआ होगा। अब हम कुछ नहीं कर सकते। लोगों की चिंता और अहम सवाल ये है कि अगर उन्होंने पहले वोट डाला है और अपने परिवार का हिस्सा हैं, तो भी क्या सूची से नाम कटने पर वे क्या मताधिकार खो देंगे? लोगों को इसका जवाब अब तक नहीं मिल सका हैं। अफसर बताते हैं कि 2003 की सूची में जिन लोगों के नाम हैं, उनका नाम वर्तमान सूची में होने पर उन्हें गणना पत्रक मिलेगा। बशर्ते उनका ईपिक कार्ड 1 जनवरी 2003 की तिथि में जारी हुआ हो।

## पेज 11 के शेष

### स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों...

दिल्ली से आने वाली आठ नियमित फ्लाइट में सर्वाधिक किराया 18 हजार और इसका न्यूनतम किराया 11 हजार के करीब है। इसी तरह मुंबई से आने वाले यात्रियों को 11 से 12 हजार में टिकट आसानी से मिल रहा है। कोलकाता और हैदराबाद की सीधी फ्लाइट में टिकटों की बुकिंग काफी समय पहले पूरी हो चुकी है तथा अन्य शहरों का एयर टिकट भी 10 से 11 हजार के बीच आसानी से मिल रहा है।

### स्टेडियम के बाहर ...

संघ से मिले पत्र के आधार पर शासन के स्वास्थ्य विभाग ने स्टेडियम के बाहर और पार्किंग एरिया में चिकित्सकीय स्टाफ का इंतजाम किया है। मैच शुरू होने के पहले और समाप्ति के बाद बाहर निकलने वाली भीड़ को स्वास्थ्य संबंधित किसी तरह की दिक्कत होती है तो दवा के साथ आवश्यक उपचार की जिम्मेदारी सरकारी डाक्टरों की टीम और अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उठाएंगे। इस दौरान समस्या गंभीर होने पर उन्हें सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी एंबुलेंस को वहां पूरे मैच के दौरान तैनात रखा जाएगा। दूसरी ओर 50-50 ओवर के मैच के दौरान क्रिकेट मैदान में किसी खिलाड़ी को चोट लगती है अथवा दर्शक दीर्घा में मौजूद किसी को स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी होती है तो उनके जरूरी इलाज के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डाक्टरों की आधा दर्जन टीम वहां मौजूद रहेगी। स्टेडियम के भीतर अस्पताल की एएलएस सिस्टम वाली एंबुलेंस को भी तैनात रखा जाएगा। यह एंबुलेंस स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस है।

**संबंधों के आधार पर तैनाती-** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. संदीप दवे ने बताया कि क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से संबंध के आधार पर स्टेडियम में उनकी टीम तैनात रहेगी। इस दौरान एएलएस एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां होने वाले हर मैच में हास्पिटल की टीम आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहती है।

### नाबलिगों के साथ ...

के परिचितों से पूछताछ की। इस जांच के दौरान पुलिस को संदिग्ध विनोद चतुर्वेदी निवासी ग्राम गुमा के बारे में पता चला जो इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने अपने अन्य दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को कबूल किया। विनोद की निशानदेही पर पुलिस ने फरार उसके नाबालिग साथियों को भी गिरफ्तार किया।

### 18 प्रमुख चौराहों ...

प्रस्ताव शामिल है। 23 करोड़ 38 लाख की लागत से नई पानी टंकी और संबंधित इलाके पाइप लाइन बिछाकर इंटर कनेक्शन संबंधी कार्य शामिल है। नई पानी टंकी का निर्माण होने पर खम्हारडीह सहित आसपास के रहवासी इलाकों में पेयजलकी समस्या का स्थायी रूप से समाधान होगा।

### पुराने विधानसभा से ...

इलेक्ट्रानिक उपकरण और अन्य सामान भी मेटाडोर के माध्यम से शिफ्ट किए जा रहे हैं। मंगलवार को शुरू की गई शिफ्टिंग की प्रक्रिया को सचिवालय द्वारा मानिटिरंग किया जा रहा है। पहले दिन प्रतिवेदन और संदर्भ शाखा की फाइलों को बस्ता बांधकर शिफ्ट किया गया। शेष सभी सेक्शन को भी सामान बांधकर तैयार रहने कहा गया है। नए विधानसभा भवन में सभी सेक्शन को कमरों का आबंटन पूरा कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इसके आदेश जारी करते हुए उन्हें अपना सामान वहां रखवाकर काम शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विधानसभा के प्रथम, द्वितीय तल पर सभी सेक्शन को कमरा आबंटन किया गया है। आने वाले एक सप्ताह में पुराना भवन खाली होने की संभावना है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

गोंडवाना महोत्सव में गीत-संगीत के....

### साउथ अफ्रीका और टीम इंडिया के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों ने डाली बॉल, स्टॉर प्लेयर ने जरूरी गाइडेंस के साथ मेहनत को सराहा

# नेट प्रैक्टिस में विराट और रोहित की एक झलक पाने पहुंचे हजारों फैंस, आज होगा निर्णायक मुकाबला










रायपुर। वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने नेट प्रैक्टिस के दौरान जमकर पसीना बहाया। विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत टीम इंडिया की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम के बाहर जमा हुए। छोटे बच्चे ऑटोग्राफ के लिए अपने साथ बैट लेकर आए थे, जबकि कुछ फैंस विराट की पेंटिंग भी साथ लाए थे। शाम 5 बजे टीम इंडिया की बस नेट प्रैक्टिस के लिए स्टेडियम पहुंची। इससे पहले गेट पर 500 से अधिक फैंस मौजूद थे। टीम इंडिया के प्रशंसक सुधीर ने झंडा लहराकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हर कोई विराट और रोहित शर्मा के नाम के नारे लगा रहा था।



## पहली बार छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों ने डाली गेंद

नेट प्रैक्टिस में दोपहर 1 बजे साउथ अफ्रीका और शाम 5 बजे टीम इंडिया ने मैदान में अभ्यास किया। खास बात यह रही कि दोनों टीमों के नेट प्रैक्टिस में पहली बार छत्तीसगढ़ से जुड़े स्थानीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की। साउथ अफ्रीका के टेंबा बावुमा, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, टोनी डी जोर्जी और डेवाल्ड ब्रेविस को फास्ट और स्पिन गेंदबाजी की गई, वहीं टीम इंडिया के रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर समेत अन्य खिलाड़ियों को भी गेंद डाली गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों को जरूरी गाइडेंस भी दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना भी की।

## बीसीसीआई के वाईस चेयरमैन राजीव शुक्ला पहुंचे रायपुर..



बीसीसीआई के वाइस चेयरमैनन राजीव शुक्ला का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। वे आज भारत बनाम साउथ अफ्रीका के दूसरे वनडे मुकाबले में शामिल होंगे। श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार क्रिकेट का आयोजन बढ़ता चला जा रहा है, जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हो रहे हैं, इस तरह से क्रिकेट में अब छात्तीसगढ़ का भी नाम शामिल हो चुका है। क्रिकेट स्टेडियम के विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस मैदान में भविष्य में भी अब कई क्रिकेट मैच आयोजित किए जाएंगे। बीसीसीआई के साथ हम मैदान के विकास के लिए भी बैठक कर चर्चा करेंगे।

## नेट प्रैक्टिस देखने पहुंचे हजारों दर्शक

मैच से पहले नेट प्रैक्टिस के दौरान हजारों दर्शक स्टेडियम पहुंच गए थे। हर कोई विराट कोहली और रोहित शर्मा को देखने के लिए बेताब नजर आया। लोग दो से तीन घंटे तक खिलाड़ियों की नेट प्रैक्टिस का आनंद लेते रहे। प्रवेश निशुल्क होने के कारण दर्शकों की संख्या लगातार बढ़ती गई। हर कोई अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखने के लिए उत्साहित था और लगातार खिलाड़ियों के नामों की आवाज लगाता रहा। इस दौरान रोहित शर्मा, जडेजा समेत अन्य खिलाड़ियों ने भी हाथ हिला कर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।



### दर्शकों ने खरीदी पसंदीदा खिलाड़ियों की जर्सी

टीम इंडिया का समर्थन करने के लिए दर्शकों ने इंडोर स्टेडियम से बड़ी संख्या में अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की जर्सी खरीदी। ज्यादातर लोग विराट कोहली और रोहित शर्मा के नंबर वाली जर्सी लेने लगे, वहीं कुछ ने सचिन तेंदुलकर और धोनी की जर्सी की भी मांग की। बच्चों में इस बात का खास उत्साह देखा गया।

### आज दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा मुकाबला

सीरीज का दूसरा वनडे मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से मैदान में शुरू होगा। 50 ओवर का यह मैच अगर दोनों टीमें अपने पूरे-पूरे ओवर खेलती हैं तो मुकाबला रात 11 से 12 बजे तक चलने की संभावना है। स्टेडियम प्रशासन ने दर्शकों के लिए गाइडलाइन जारी की है। मैच के दौरान लैपटॉप, पेन और किसी भी प्रकार की लोहे की वस्तु लाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।




## समाज लाइव

# पूर्वजों की स्मृति में मुक्तिधाम में आम पीपल, बरगद, गेंदा फूलों के पौधे रोपे



**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के सदस्यों ने अपने पूर्वजों के स्मृति में मुक्तिधाम में पौधारोपण किया। समाज को पर्यावरण के प्रति प्रेरणा स्वरूप सदस्यों ने यह पहल की है। कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने बताया कि संस्था द्वारा शहर में लगातार समाजसेवा व जागरूकता को कार्य किया जाता रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजनों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सदस्यों द्वारा सरजूबांधा श्मशानघाट टिकरापारा में 35 ग्रॉफ्टेड आम,पीपल, बरगद के और गेंदा फूल के पौधे लगाए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष सहित सचिव गोवर्धन झंवर ,कोषाध्यक्ष संजय चंद्राकर, वरिष्ठ सदस्य रतन जैन, लल्ला सिंह राजपूत रिटायर्ड एएसआई, बहादुर सिंह सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल, वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह ठाकुर, अशोक पटेल, हरिराम सेन, राजू यादव, संतोष लखोटिया, रामेश्वरनाथ यादव, रवि धनगर आदि शामिल रहे। कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि लोग अपने मृतक पूर्वजों की स्मृति में कोई भी व्यक्ति मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण कर सकता है। इससे शहर की पर्यावरण के साथ-साथ मुक्तिधाम में हरियाली का वातावरण निर्मित होगा।

## इवेंट लाइव

# भरतनाट्यम सब जूनियर केटेगरी में स्वानंदी उपविजेता

**रायपुर।** 50वें ऑल इंडिया म्यूजिक एवं डांस कम्पीटिशन में शहर की स्वानंदी वंजारी ने परचम लहराया है। नव्य नाटक समिति और तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी, डिपार्टमेंट ऑफ लैंग्वेज एंड कल्चर, तेलंगाना सरकार के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय आल इंडिया म्यूजिक एवं डांस काम्पीटिशन में स्वानंदी वंजारी भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सब जूनियर केटेगरी में उपविजेता बनी हैं। वे डीडीनगर रायपुर निवासी अंकुर वंजारी की पुत्री हैं। स्वानंदी ने बताया कि आयोजन में कलाकारों को लाइव आर्केस्ट्रा के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुति देनी थी। इसमें उन्होंने मनमोहक भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।




12 वर्षीय स्वानंदी जी. रतीश बाबू के मागदर्शन में प्रस्तुति देकर स्पर्धा की सब जूनियर केटेगरी में उपविजेता रहीं। 23 दिसंबर को पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना हाईकोर्ट के जस्टिस लक्ष्मीनारायण अलीसेठी, तेलंगाना सरकार के सेवानिवृत्त सलाहकार डॉ. केवी रमन चेरी और तेलंगाना शासन के ट्रेजरी और एकाउंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जी. वसुंधरा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि अंकुर वंजारी महाराष्ट्र मंडल में आजीवन सभासद और मंडल की युवा समिति के सक्रिय पदाधिकारी हैं। अंकुर ने बताया कि स्वानंदी इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की संगीत व क्लासिकल नृत्य स्पर्धाओं में ऐसी कामयाबी हासिल कर चुकी हैं।

## सिटी लाइव

# मानव जीवन ईश्वर का अमूल्य उपहार इसे सार्थक बनाने का मार्ग है नेत्रदान

**रायपुर।** बढ़ते कदम सेवा संस्था द्वारा नेत्रदान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गत 20 वर्षों से 750 नेत्रदान संपन्न कराए गए हैं। समाज में निरंतर जागरूकता लाने हेतु नियमित रूप से प्रचार-प्रसार कर नेत्रदान के प्रति लोगों को प्रेरित करने हेतु संस्था लगातार प्रयासरत है। संस्था बढ़ते कदम द्वारा सावन मास के पावन अवसर पर हर वर्ष कांवरिया सेवा का आयोजन किया जाता है, जब पहली बार 2005 में यह शिविर लगाया गया था, उसी दिन संस्था के प्रयासों से पहला नेत्रदान सम्पन्न हुआ था। इसी प्रकार दूसरे सप्ताह के शिविर के दौरान दूसरा नेत्रदान सम्पन्न हुआ था। सदस्यों की भावनाओं को जनसामान्य ने समझा तथा उनकी समर्पण भावना की खुले दिल से तारीफ की। चूंकि पगड़ी रस्म कार्यक्रम का प्रत्यक्ष संबंध मृत्यु से होता है, अतः संस्था के सदस्यों के मन में विचार आया कि क्यों न नेत्रदान के लिए भी प्रयास किया जाए। संस्था के सदस्यों को ऐसा महसूस हुआ कि उचित प्रचार प्रसार व जागरूकता के अभाव में लोग नेत्रदान के प्रति जागरूक नहीं हैं, लेकिन जब लोगों को नेत्रदान का महत्व बताया गया, लोग नेत्रदान के लिए तत्पर हो, अब संस्था को नेत्रदान के लिए प्रयास नहीं करना पड़ता है, बल्कि स्वयं नेत्र दानदाताओं के फोन संस्था के पास आते हैं। संस्था ने रायपुर को देश की नेत्र राजधानी बनाने का संकल्प लिया है। आज भी भारत में लाखों लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस (नेत्र-पटल क्षति) के कारण रोशनी से वंचित हैं। उनका उपचार केवल एक ही उपाय से संभव है स्वैच्छिक नेत्रदान। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकती है।

> बढ़ते कदम सेवा संस्था द्वारा नेत्रदान के लिए अभियान चलाया जा रहा

● शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड में गोंडवाना महोत्सव की मच रही धूम

# गोंडवाना महोत्सव में गीत-संगीत के ओपन मंच पर बच्चे बड़ों की निखर रही कला, फैमिली के साथ एंजॉयमेंट भी

**शंकर नगर बीटीआई ग्रांउड में गोंडवाना महोत्सव की धूम मची हुई है। पांचवे दिन महोत्सव के मुख्य मंच पर गीत-संगीत के ओपन मंच की महफिल से शाम सजी। महोत्सव के ओपन सांस्कृतिक मंच से शहर के कलाप्रेमी व कला क्षेत्र के उभरते नवोदित कलाकार अपनी शानदार इंटरटेनिंग प्रस्तुतियों से समां बांध रहे हैं। दस वर्षीय अरूनिमा शर्मा ने हारमोनिया के साज पर राजगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन कलाकारों की प्रतिभा देखकर महोत्सव में पहुंच रहे दर्शक मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।**

**रायपुर।** मंच पर बच्चे-बड़े समेत हर वर्ग के फनकार छत्तीसगढ़ी, फिल्मी, भरतनाट्यम, पारंपरिक व आधुनिक वाद्ययंत्रों के वादन, गायन से प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका एवं सांस्कृतिक कला महोत्सव का आयोजन मां पीतांबरा जनसेवा समिति द्वारा किया गया है। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, बुनकर, लोक कलाकार और सांस्कृतिक समूह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। महोत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के दूरस्थ इलाकों के शिल्पकारों, आदिवासी कलाकारों और बुनकरों को मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी कला सीधे लोगों तक पहुंचे और बाजार का विस्तार हो सके। समिति के सदस्य वैभव सिंह सिसोदिया ने बताया कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग महोत्सव का आनंद उठाने पहुंच रहे हैं। सांस्कृतिक मंच पर प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच मिल रहा है। साथ ही विभिन्न स्टॉल्स पर खरीदारी कर रहे हैं। महोत्सव का भव्य समापन 14 दिसंबर को होगा। इससे पहले शहरवासी गोंडवाना महोत्सव का जमकर एंजॉय करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।









### हैंडमेड पटियाला लेडी शूज खास

*महोत्सव में पंजाब पटियाला से हैंडमेड पंजाबी जूतियों का कलेक्शन लेकर पहुंचे रविकुमार ने बताया कि इन जूतियों की खासियत है कि यह हाथों से डिजाइन कर बनाई गई हैं। ये सोने, चांदी और धातु के धागों (तिल्ला वर्क) से सजी होती हैं, जिनमें मोती, रत्न और मिरर वर्क भी शामिल है। हैंडमेड पंजाबी जूतियां पारंपरिक शिल्प कौशल का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इन्हें 'खूसा' और 'मोजरी' जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। ये जूतियां शादियों, त्योहारों और अन्य खास मौकों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प हैं और विभिन्न रंगों तथा डिजाइन में उपलब्ध हैं। यह 300 से 550 रुपए तक की कीमत में उपलब्ध करा रहे हैं। इसे सीजन में वुमन्स खूब पसंद कर रही हैं।*

### फूड कोर्ट और झूले का ले रहे मजा

*महोत्सव में शाम से देर रात तक फैमिली के साथ बच्चे फूड कोर्ट में स्वादिष्ट भोजन, पकवान और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ी फरा, चीला के साथ ही साउथ इंडियन फूड्स, उत्तर भारत की करी से लेकर दक्षिण भारत के डोसे तक शामिल हैं। वहीं इटालियन पास्ता, मैक्सिकन टैकोस या थाई करी जैसे विश्व-प्रसिद्ध व्यंजनों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। खाने के किड्स इंटरटेनमेंट जोन में मीना बाजार, आकाश झूले, गेम्स का बच्चे व बड़े साथ मिलकर आनंद उठा रहे हैं।*



### ज्वेलरी, कपड़े और सजावट सामग्री के स्टॉल पर भीड़

गोंडवाना महोत्सव में देश भर के विभिन्न राज्यों से पारंपरिक हैंडमेड ज्वेलरी, कपड़े और सजावटी सामग्री के स्टॉल सजे हुए हैं, जहां पर इस शादी व ठंड के सीजन में लोग फैशन व साज-सजावट के सामान खरीदने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कपड़ों में गर्म कपड़े से लेकर शादी-पार्टी वियर, मटेरियल्स, मनपसंद वैरायट एक ही जगह पर उपलब्ध है। वहीं आर्टिफिशियल ज्वेलरी के स्टॉल पर महिलाएं खरीदारी करती दिख रही हैं। साथ ही घर के लिए सजावटी सामान में पेंटिंग्स, टेराकोटा शिल्प, गुलदस्ता पॉट, फर्नीचर्स, कालीन, झूमर जैसे होम डेकोरेटिव आयटम्स खूब पसंद कर रहे हैं।

## 300 युवतियों और 150 युवकों ने मनपसंद जीवनसाथी चुनने दिया अपना परिचय

**रायपुर।** गुरु घासीदास सेवा समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सतनामी समाज युवक–युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह समारोह का आयोजन सतनाम भवन, सेक्टर–6 भिलाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में युवक-युवती अपने परिवार सहित पहुंचे और मंच पर अपना परिचय देकर विवाह के लिए सहमति जताई। इस दौरान मंच पर 300 युवतियों और 150 युवकों सहित 500 से अधिक प्रतिभागी ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आकांक्षा सत्यवंशी, पूर्व संभाग आयुक्त भारत लाल बंजारे, एल. रात्रि, के. के.खेलवार उपस्थित रहे।



### समाज का उत्थान करने किया सम्मानित

कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। मंच पर 300 युवतियों और 150 युवकों ने अपना परिचय दिया। समाज उत्थान में योगदान देने वाले विशिष्टजनों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा दो जोड़ों का आदर्श विवाह भी राजमहंत जवाहर कौशल के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। नवविवाहितों को समिति की ओर से उपहार प्रदान किए गए। समिति ने कहा कि परिचय सम्मेलन में बने उपयुक्त जोड़ों के आदर्श विवाह आगे भी सतनाम भवन में ही संपन्न कराए जाएंगे।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को आमंत्रण

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन और निर्देशन में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सक्ती जिले में 9 से 12 दिसंबर तक आयोजित है। 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा के नेतृत्व में गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने दिया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल




और वरिष्ठ सदस्य अजय साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार की छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा बहन ने बताया कि दिसंबर महीने में सक्ती जिले में 10 दिसंबर से होने वाली 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं और प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी के हाथों भूमिपूजन सम्पन्न हुआ था। जनकल्याण के लिए गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस महायज्ञ में हमारे प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा के नेतृत्व में मुलाकात कर आमंत्रण दिया गया है। सक्ती जिले के हसौद में होने वाले 251 कुण्डीय यज्ञ के बेमेतरा जिले के बेरला के पास सिलघट में 108 कुण्डीय महायज्ञ बालोद जिले के साथ ही अन्य स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

# गुरुपर्व की अंचल में धूम, 301 दीपों से जगमगाया जैतखाम

**रायपुर।** दिसंबर माह लगते ही सतनामी समाजजनों में उत्साह का माहौल है। महात्मा गांधी नगर में जैतखाम को 301 दीपों से रोशन किया गया। समाज ने इसी के साथ ही आगामी गुरु घासीदास जयंती की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इस वर्ष गुरुजी की 269वीं जयंती 18 दिसंबर को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसके पूर्व राजधानी में 16 दिसंबर को आमापारा से आकर्षक झांकियां के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। गुरुपर्व पर शहर के अन्य स्थल पुरैना, तेलीबांधा, खम्हारडीह, कोटा, देवपुरी, संतोषी नगर, काशीराम नगर, कलिंगनगर आदि क्षेत्रों में स्थित पवित्र जैतखाम में मंगल आरती, पहली आरती जगमग ज्योति.. हीरा पदारथ बरसे ला मोती की सामूहिक स्तुति करते हुए 269वीं जयंती के परिप्रेक्ष्य में दीप प्रज्वलित कर गुरुपर्व शुभारंभ दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं समस्त मानव समाज को दी गई। तत्पश्चात वहां उपस्थित समाजजनों ने भी जय-जय सतनाम की जयघोष करते हुए एक-एक दीप जलाकर पूरे जैतखाम परिसर को रोशनी से जगमग कर दिया। साथ ही भव्य आतिशबाजी कर गुरु प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि समाज के लोग नशेपन व मांसाहार का त्याग कर सात्विक रूप से प्रतिदिन गुरुगद्दी व पवित्र जैतखाम की विशेष पूजा-अर्चना कर प्रभात फेरी, मंगल भजन व पंथी के माध्यम से गुरुजी की अमृतवाणियों को जन-जन तक पहुंचाएं। दीप प्रज्वलन के अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, सतनाम सेवा समिति अध्यक्ष लक्ष्मी दास कुर्रे, मोनी कठोट्रे, प्रवीण सोनवानी, दीपक कोसरिया, कुलदीप सोनवानी, संदीप बघेल, चूमन कोठारी, गणेश सोनवानी, प्रदीप कुर्रे, सूरज ग्रीतलहरे, रेशम टंडन, तनुज कुर्रे, संजय सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाजजन शामिल हुए।



> 16 दिसंबर को आमापारा से आकर्षक झांकियां के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा को लेकर फिजिक्स टीचर्स ने साझा किए एग्जाम टिप्स

# फिजिक्स सब्जेक्ट के सूत्रों और व्युत्पत्तियों को याद रखें, अधिक अंक वाले चैप्टर को पहले करें क्लीयर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जेएन पांडे हायर सेकेंडरी स्कूल के फिजिक्स विषय के टीचर प्रमोद पांडे बोर्ड परीक्षा के टिप्स देते हुए बताते हैं कि विद्यार्थी फिजिक्स के सूत्रों एवं व्युत्पत्तियों को याद करने नियमित प्रैक्टिस करें। बोर्ड एग्जाम में सफलता और मेरिट में स्थान पाने के लिए विद्यार्थियों को नियमित तौर पर क्लास के बाद घर पर विषय के अध्यायों जैसे प्रकाशिकी, स्थिरवैद्युत, चुंबकत्व को रिवाइज करना चाहिए। साथ ही फिजिक्स विषय के किसी भी सूत्र को लेकर डाउट हो तो उसे टीचर्स से क्लीयर करें। फिर घर पर उसकी प्रैक्टिस करें। फिजिक्स का विषय नियमित प्रैक्टिस मांगता है। प्रैक्टिस से ही फिजिक्स विषय के प्रश्नों व फार्मूलों को समझा व याद रखा जाना संभव है। ऐसे करने से एग्जाम हॉल में सवालों व उनको हल करने के सूत्रों को भूलेंगे नहीं। हम स्कूल में बच्चों को बोर्ड एग्जाम पैटर्न के अनुरूप तैयारी कराते हैं, ताकि वह एग्जाम में सफल हो सके। इसके लिए निर्धारित बोर्ड पैटर्न के अनुसार सिलेबस बेस प्रश्नों को अंक विभाजन के हिसाब से हल कराना शामिल है। इसके लिए क्लासरूम में 12वीं के फिजिक्स विषय के सिलेबस में विद्यार्थियों को प्रैक्टिस से समझाने व याद रखने के तरीके बताते हैं। सीजी बोर्ड द्वारा दिए गए प्रश्नों के नोट्स बनाकर भली-भांति उनका रिवीजन करें। इस तरह से जो स्टूडेंट्स इस वर्ष बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए हरिभूमि ने शहर के हायर सेकेंडरी स्कूल के फिजिक्स टीचर्स से खास बातचीत की, जिस पर टीचर्स ने एग्जाम टिप्स साझा किए हैं।



### मॉक टेस्ट और एवं सैंपल पेपर करें हल

12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए फिजिक्स विषय पर टिप्स देते हुए बताते हैं कि स्टूडेंट्स मॉक टेस्ट और मॉडल पेपर को हल करना शुरू करें। इसी के आधार पर हम बच्चों को फिजिक्स विषय के प्रश्नों, सूत्रों की प्रैक्टिस कराते हैं। क्लास में नियमित यूनिट टेस्ट के साथ ही प्री-बोर्ड एग्जाम भी होता है। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफलता के साथ ही अच्छे अंक हासिल करने हैं तो क्लास में यूनिट टेस्ट, प्री-बोर्ड एग्जाम के सवालों को नियमित घर पर हल करना चाहिए। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में फिजिक्स के नॉलेज बेस प्रश्न आते हैं। स्टूडेंट्स को परीक्षा में सफल होना है तो नियमित मॉक टेस्ट और सैंपल पेपर हल करना बहुत जरूरी है।

### परीक्षा के समय प्रत्येक खंड के लिए 10 से 15 मिनट निर्धारित करें

टीचर्स व काउंसलर का कहना है कि बोर्ड एग्जाम को लेकर विद्यार्थियों को मन में डर निकाल देना चाहिए। पार्ट-पार्ट में सिलेबस रीडिंग की टाइमिंग मैनेज कर लें। परीक्षा के दौरान फिजिक्स विषय के प्रत्येक खंड के लिए 10 से 15 मिनट रिवीजन के लिए निर्धारित करना फायदेमंद होगा। ऐसा करने से परीक्षा के समय पर एकदम से बोझ दिमाग पर नहीं आएगा। स्टूडेंट्स परीक्षा हॉल में प्रश्न शीट को अच्छे से समय पर हल करें, आवश्यक हो, उसी टॉपिक्स पर उत्तर लिखें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में नित्या-11 विजेता



**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित है क्रिकेट ग्राउंड में ग्रहणियों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें नित्या-11 की टीम विजेता रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव, पद्मश्री फुलबसन यादव एवं तरुणा साहू उपस्थित थे। आयोजनकर्ता रानू प्रधान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### अंडर-19 में रूद्र बने प्लेयर ऑफ द मैच

**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मैच हुए।



कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 मैदान में आरके अकादमी विरुद्ध भिलाई वॉरियर्स के मैच में आरके अकैडमी ने चार विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रुद्र प्रताप सिंह को विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी भिलाई वॉरियर्स 119 रन पर आउट हुए। हन्नान कुरैशी ने 24 रन, अक्षय ने 20 रन, प्रियांशु ने 15 रन और अंश फुले ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आरके अकादमी के रुद्र प्रताप सिंह ने पांच विकेट, देव मांडले एवं अभिनव ने दो-दो विकेट लिए। वैभव ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में आरके अकादमी ने 6 विकेट पर 120 रन, डी जतिन ने नॉट आउट 29 रन, अभिषेक शुक्ला ने नॉट आउट 29 रन, सम्यक सिंघई ने 21 रन और हर्ष मिश्रा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई वॉरियर्स के समीर कोसरे ने तीन विकेट और शुभम एवं गणेश नागवानी ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं हिमाचल साहू थे।

### फुटबॉल में रायपुर, राजनांदगांव, कोरबा और दुर्ग ने जीते अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय फ़ुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता सत्र 2025-26 मंगलवार से शुरू हुई। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर पी.जी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के द्वारा सेक्टर 9 भिलाई नगर फ़ुटबॉल मैदान में यह प्रतियोगिता 4 दिसंबर तक चलेगी। मंगलवार को पहला मैच रायपुर सेक्टर एवं रायगढ़ सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें रायपुर सेक्टर 5-0 गोल से जीत हासिल की। दूसरा मैच राजनांदगांव सेक्टर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव सेक्टर 2-0 गोल से विजयी रहा। तीसरा मैच कोरबा सेक्टर एवं जांजगीर चाँपा सेक्टर के मध्य खेला गया। जिसमें कोरबा सेक्टर ने 4-0 गोल से मैच जीता। इसके पश्चात पहले दिन का अंतिम मैच दुर्ग सेक्टर एवं बलौदाबाजार सेक्टर के मध्य हुआ। जिसमें दुर्ग सेक्टर के खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए 10-0 गोल से दुर्ग सेक्टर एकतरफ़ा जीत हासिल की।

### राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन मे रायपुर सेक्टर टीम उपविजेता



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान मे शासकीय आदर्श कॉलेज कोंडागांव द्वारा 28 से 29 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता मे पुरुष और महिला दोनों ही वर्गो मे रायपुर सेक्टर की टीम उप विजेता रही। इस आयोजन के बाद रविशंकर यूनिवर्सिटी की बैडमिंटन महिला और पुरुष टीम का चयन किया गया। जो आगामी माह सम्बलपुर ओड़सिा मे आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता मे भाग लेगी।

### राज्य स्तरीय मुक्केबाजी के लिए जिला बॉक्सिंग टीम का किया गया चयन

**रायपुर।** रायपुर जिला एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 29 नवंबर को सुभाष स्टेडियम में प्रदेश एशोसिएशन की ओर से जिला टीम चयन प्रतियोगिता रखी गई। जो भिलाई नगर में 11 से 13 दिस्मबर तक आयोजित 17 वीं राज्य स्तरीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप सीनियर पुरुष व महिला वर्ग में हिस्सा लेगी। जिसमें आरड़ीएबीए के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, उपाध्यक्ष विवेक साहू, सचिव नवीन दास, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत परगनिया एवं सहायक कोच हिमांशु पांडे उपस्थित हुए।

### मौसम बदलते ही बढ़ जाती है संक्रमण से होने वाली शिकायतें

# एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण, जरूर अपनाएं ये घरेलू इलाज

मौसम करवट लेते ही इंफेक्शन और एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है। इससे लोगों को सर्दी और जुकाम की समस्या होती है। एलर्जी से होने वाली खांसी एक बहुत ही कॉमन समस्या है जो धूल, पराग कण जैसी चीजों के संपर्क में आने से हो जाती है। हालांकि इसका इलाज न किए जाए तो आप लंबे वक्त तक परेशान रह सकते हैं। कई बार तो लोगों को समझ ही नहीं आता है कि उन्हें किस वजह से खांसी हो रही है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आखिर एलर्जी वाली खांसी होने पर कौन से लक्षण दिखाई देते है।

### एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण

गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना,नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार,सिर दर्द और छाती में जकड़न होना।

एलर्जी से खांसी होने पर लक्षण जैसे छींक आना, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, और आँखों में खुजली हो सकती है। राहत के लिए आप गर्म पानी में शहद और काली मिर्च मिलाकर



पी सकते हैं, भाप ले सकते हैं, और नमक के पानी से गरारे कर सकते हैं। खूब पानी पीकर और हवा को नमीयुक्त रखकर भी आराम मिल सकता है। लक्षण में बार-बार छींकें आना। नाक से पानी बहना या उसका बंद हो जाना। गले में जलन या खराश महसूस होना। आँखों में खुजली और पानी आना। सूखी या बलगम वाली खांसी होना शामिल हैं।

### कुछ घरेलू इलाज

शहद और गर्म पानीः एक चम्मच शहद को गर्म पानी में मिलाकर पिएं। यह गले की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। भाप लेने से श्वसन मार्ग में जमा बलगम ढीला होकर बाहर निकल जाता है और बंद नाक खुलती है। नमक के पानी से गरारे करने से गले की जलन कम होती है और बलगम साफ होता है। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पीने से बलगम पतला होता है, जिससे उसे बाहर निकालना आसान होता है।

ह्यूमिडिफायर का उपयोगः हवा में नमी बनाए रखने से गले को आराम मिलता है और खांसी कम होती है।पुदीना चायः पुदीने की चाय पीना या पुदीने की पत्तियों को गर्म पानी में उबालकर पीना फायदेमंद हो सकता है। तकिया और पर्दे धोएंः धूल के कण एलर्जी के



सबसे आम कारणों में से एक हैं, इसलिए तकिए और पर्दे जैसी चीजों को नियमित रूप से धोना चाहिए। सिर ऊंचा करके सोएंः सोते समय सिर ऊंचा रखने से रात में होने वाली खांसी कम हो सकती है। यदि लक्षण गंभीर हों, जैसे निगलने में कठिनाई, खून खांसना या तेज बुखार हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने



में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें। इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।-

## 30वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता ओडिशा के लिए छत्तीसगढ़ टीम रवाना

भिलाई। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता 6 दिसंबर तक संबलपुर ओडिशा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ टीम 30 नवंबर को संबलपुर के लिए रवाना हुई।

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक

- **साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं**

चन्नावार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए टीम ने बेहतर तैयारी की है। साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। इसके पूर्व खिलाड़ियों को एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल, टीम टाइम ट्रायल, मास स्टार्ट रोड रेस



जैसे इवेंट में भाग लेगी। टीम में सीनियर वर्ग में दिव्यांशु सिंह (बिलासपुर), अमन पटेल (रायगढ़), साहिल नागवंशी (दुर्ग) व ईश्वर सिन्हा (बलौदा बाजार) हैं, वहीं सीनियर महिला में प्रीति यादव (दुर्ग), जूनियर बालक में राहुल निर्मलकर (दुर्ग), वंश प्रधान (रायगढ़), जूनियर बालिका में चंद्रेश्वरी एवं किरण जामेवार (साल्हेवारा, खैरागढ़) सब जूनियर बालक में विहान सिंह गुप्ता (दुर्ग), अतुल प्रधान (रायगढ़), हेमेंद्र साहू (दुर्ग), नक्षत्र दत्ता (बिलासपुर) सब जूनियर बालिका वर्ग में मेघा साहू (दुर्ग), कुमेश्वरी ( साल्हेवारा, खैरागढ़), पुष्पांजलि (दुर्ग) हिमानी सिन्हा (दुर्ग), यूथ बालक में सनी कुमार (दुर्ग), लक्ष्य रात्रे ( बिलासपुर), तुषार देवांगन (दुर्ग), दिव्यांशु वर्मा ( दुर्ग) तथा यूथ बालिका में साक्षी सलामे (दुर्ग), कट्टा नेहा (दुर्ग), रेशमी साहू (दुर्ग) एवं गीतिका साहू (दुर्ग) हैं। कोच श्री प्रतीक मनोध्या, देवप्रकाश वर्मा, अभिषेक जायसवाल तथा मैनेजर शशांक देशमुख एवं मंदाकिनी यादव हैं। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, मां शारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार शर्मा, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष बीना मिश्रा, संयुक्त सचिव तोषेंद्र वर्मा, पीटीआई शशिकांत पांडे, अंतरराष्ट्रीय सायकल पोलो खिलाड़ी एस संतोष राव, अभिषेक मिश्रा आदि ने प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टीम को शुभकामनाएं दी है।

## बीटरूट खाने में नखरे दिखाते हैं बच्चे, तो कुछ इस तरह से करें भोजन में शामिल



बहुत से घरों में लोग चुकंदर खाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकी उसका स्वाद बेहद अजीब होता है। ऐसे में आज हम आपको बीटरूट को डाइट में शामिल करने के लिए कुछ टिप्स लाए हैं।

बीटरूट जिसे हिंदी में चुकंदर कहा जाता है। इसमें विटामिन सी, मैंगनीज, पोटेशियम, फाइबर और आयरन समेत कई दूसरे पोषक तत्व पाए जाते हैं। चुकंदर के सेवन से शरीर से खून की कमी भी दूर होती है। लेकिन बच्चे और बड़े हर कोई इसे खाने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में आज हम आपको चुकंदर को अपनी डाइट में शामिल करने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे, जिससे लोग बहुत आसानी से इसे खाएंगे। दरअसल चुकंदर का स्वाद खाने में बेहद अजीब होता है इसलिए लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। ऐसे में बताए गए ये आसान युक्तियां आपके काम आएगी।

**बेक्ड चुकंदरः** कच्चा चुकंदर खाने के बजाए उसे बेक करें और स्वादिष्ट मसाले के स्वाद के साथ इसके स्वाद का मजा लें। चुकंदर को अच्छे से धोकर छील काट लें और उसमें ऑलिव ऑयल ब्रश करें फिर नमक, मिर्च, रोजमेरी और पार्सले डालकर ओवन में बेक करने के लिए रखें। कुछ देर में आपका बेक्ड बीटरूट चिप्स तैयार है, इसे खाने के लिए सर्व करें।

**चुकंदर पराठेः** चुकंदर और पत्ता गोभी की स्टफिंग से तैयार एक स्वादिष्ट पराठे की रेसिपी है, जिसे हर कोई खाना पसंद करेंगे और इसके पोषण भी आपको मिलेगी।



## सेहत से जुड़ी समस्याओं का एक इलाज योगासन

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में आप रोजाना इस योगासन को घर पर आसानी से करके खुद को फिट रख सकते हैं।

ऐसे में परेशान होने की बजाय, अपने फिटनेस रूटीन में इस आसान योगासन को शामिल करें। जी हां, हम तितली आसन के बारे में बात कर रहे हैं। इसे आप आसानी से घर पर करके हेल्थ से जुड़ी कई समस्याओं को दूर कर सकती हैं। इसके बारे में अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर बता रहे हैं।

एक्सपर्ट का कहना है, "तितली आसन योग में सबसे महत्वपूर्ण आसनों में से एक है, जिसके बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। इसे द बटरफ्लाई पोज के नाम से भी जानते हैं। तितली आसन का नाम वास्तव में संस्कृत के शब्दों से आया है और सभी शब्दों को मिलाकर इसका उच्चारण बनता है। यह आसन तितली की शारीरिक मुद्रा से काफी मिलता-जुलता है, इसलिए इस आसन को तितली आसन का नाम दिया गया है।"



### तितली आसन के स्वास्थ्य लाभ

तितली आसन के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, उनमें से कुछ स्वास्थ्य लाभों में थाइज, हिप्स और काफ को मजबूत करना, पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना, डिलीवरी को नेचुरली बढ़ावा देना, थाइज एरिया के फैट को कम करना, लिवर और किडनी के कार्य में सुधार करना और तनाव और चिंता से राहत देना शामिल है।

### थाइज, हिप्स और पिंडली को करता है मजबूत

तितली आसन रेगुलर करने इन तीनों हिस्सों की मसल्स पर स्ट्रेच आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आसन करते समय मसल्स पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे इन हिस्सों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसके अलावा, इससे ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन और पोषण मिलता है, जिससे मसल्स में मजबूती आती है।

### किडनी और लिवर के काम में होता है सुधार

यह किडनी और लिवर में प्रेशर बनाता है, जो स्ट्रेस हार्मोन का उत्पादन करता है और किडनी और लिवर को बेहतर कार्य करने के लिए उत्तेजित करता है। इसके अलावा, यह लिवर और किडनी में जमा फैट को कम करता है।

### पाचन स्वास्थ्य में करता है सुधार

यह पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इस योगासन को करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है और यह पाचन रस और एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाता है। इसके अलावा, यह जटिल प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट को आसानी से पचाता है।

तनाव और चिंता से देता है राहत

जब हम तितली आसन को करते हैं, तब ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे दिमाग में ब्लड फ्लो बेहतर होता है और दिमाग को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजनयुक्त ब्लड और पोषण मिलता है, जिससे दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है और यह तनाव, चिंता, सिरदर्द कम करता है।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मिस यूनिवर्स 2025 फातिमा बॉश के लिए आसान नहीं रहा सफर



मेक्सिको की 25 साल की मॉडल फातिमा बॉश वो ब्यूटी क्वीन हैं, जिन्होंने अपनी एलीगेंस और कॉन्फिडेंस के दम पर मिस यूनिवर्स 2025 का ताज जीतकर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। कुछ ही मिनटों में उनका नाम दुनिया भर के सोशल मीडिया पर छा गया। लोग बस एक ही चीज जानना चाहते हैं कि आखिर कौन हैं फातिमा, जिसने कुछ घंटों में दुनिया का दिल जीत लिया।

फातिमा बॉश का जन्म 19 मई 2000 को मेक्सिको के टीपा, टबैस्को में हुआ था। उनके पिता का नाम बर्नार्डो बॉश हर्नांडेज और मां का नाम वैनेसा फर्नांडीज बाल्बोआ है। उनका एक भाई है, जिसका नाम बर्नार्डो बॉश है। फातिमा ने अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई कोलेजियो अर्जी से पूरी की। इसके बाद 2021 से 2024 तक उन्होंने मेक्सिको सिटी की यूनिवर्सिडैड इबेरोमेरिकाना विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइन में बैचलर डिग्री हासिल की। फातिमा मेक्सिको ने सबसे पहले 2018 में 'फ्लोर ताबास्को' का टाइटल जीता। उसके बाद मिस यूनिवर्स मेक्सिको 2025 और अब मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम कर लिया। इस जीत से उन्होंने मेक्सिको का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस यूनिवर्स 2025 का ताज पहनने से पहले, फातिमा को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा था। जब मिस ग्रैंड इंटरनेशनल के निदेशक और मिस यूनिवर्स के आयोजकों में से एक डायरेक्टर नवात इटसाराग्रिसिल ने फातिमा से रूखे लहजे में सवाल किए और उन्हें 'बेवकूफ' कहा था।

### टॉलीवुड

## विजय की फिल्म में 'द ममी' फेम अर्नोल्ड वोस्लू की इंट्री, सेट से तस्वीर वायरल



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म में हॉलीवुड के विलेन के काम करने की खबरें जोरों पर हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि अर्नोल्ड वोस्लू फिल्म में अहम किरदार निभाएंगे। उनकी सेट से तस्वीर भी वायरल हो रही है। उन्हें हाल ही में हैदराबाद में विजय देवरकोंडा की पीरियड एक्शन ड्रामा 'वीडी 14' के सेट पर देखा गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर ये खबर आग की तरह फैल गई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में अर्नोल्ड वोस्लू एक शक्तिशाली ब्रिटिश अफसर की भूमिका निभा रहे हैं- एक ऐसा किरदार जो कहानी के केंद्र में मौजूद संघर्ष को और तीखा बनाने वाला है। 1854 से 1878 के बीच के अशांत दौर पर आधारित यह पीरियड ड्रामा औपनिवेशिक शासन, जनविद्रोह और संघर्ष की पृष्ठभूमि पर बुनी गई कहानी पेश करेगी। वोस्लू की उपस्थिति न सिर्फ फिल्म की भव्यता बढ़ा रही है बल्कि यह तेलुगु सिनेमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नई मिसाल भी मानी जा रही है। इस फिल्म के साथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और निर्देशक राहुल संकृत्यायन की जोड़ी 'टैक्सीवाला' के बाद एक बार फिर साथ काम कर रही है। फिल्म का पहला पोस्टर, जो विजय के जन्मदिन पर जारी हुआ था, उनमें एक ध्यानमग्न योद्धा-संत की छवि दिखाता है- एक ऐसा किरदार जो देवरकोंडा की अब तक की शहरी छवि से बिल्कुल अलग है। रायलसीमा की मिट्टी से निकली यह कहानी एक कठोर योद्धा की यात्रा को दर्शाने वाली है। फिल्म का निर्माण कर रहा है दक्षिण भारत की अग्रणी प्रोडक्शन कंपनी मिथ्री मूवी मेकर्स- जो बड़े पैमाने पर फिल्में बनाने के लिए जानी जाती है। सूत्रों के अनुसार, वीडी 14 को विशाल सेट, ऐतिहासिक बैकग्राउंड, गहन भावनाओं और दमदार एक्शन सीक्वेंस के साथ बनाया जा रहा है।

### भोजपुरी

## 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' में दो भाई और दोनों तबाही



भोजपुरी में एक्शन और इमोशन वाली फिल्मों का हमेशा से दबदबा रहा है। इन फिल्मों की एक बड़ी बात यह है कि यहां एक ही फिल्म में दर्शकों को जोरदार एक्शन, दमदार ड्रामा, भरदम रोमांस, मजेदार कॉमेडी और एक से बढ़कर एक गानों का लुत्फ मिल जाता है। इन्हीं खूबियों से सजी एक और नई भोजपुरी फिल्म 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' दो भाइयों की कहानी है। चुन्नू और मुन्नू दो भाई हैं और दोनों तबाही हैं। ट्रेलर धमाकेदार है और इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।

मणि शंकर प्रसाद और गोपाल पाठक के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर 'चंदा' चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म में आनंद देव मिश्रा और अविनाश साही लीड रोल में हैं। एसएसपी फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले श्वेता भारती ने 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया' को प्रोड्यूस किया है।

चार मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत शंखनाद से होती है। एक मां जो हालात के आगे घुटने टेकने से मना कर देती है, शंख बजाती है। सामने खड़े विलेन से कहती है, 'भवानी सिंह तेरे पाप का घड़ा अब भर गया है।' कहानी में आगे हम दो भाइयों को देखते हैं। दोनों मेहनत और लगन से पुलिस में भर्ती होते हैं। एक्शन और इमोशन दोनों में इन भाइयों का जोर दिखता है। जबकि रोमांस के मामले में भी ये किसी से कम नहीं हैं।




डैनियल ली का बरबेरी के लिए विंटर कैंपेन लंदन का एक बड़ा सेलिब्रेशन साबित हुआ। यहां फैशन शो में ट्रेंच पहने केट विंसलेट, निकोलस हॉल्ट और जोडी टर्नर-स्मिथ सहित दूसरे मॉडल नजर आ रहे हैं। ऐसे फैशन शो हर सीज़न में सेलेब्स की भीड़ को खींचते हैं। इस बार भी शो को अप्रत्याशित सफलता मिली।

## बढ़ते-बढ़ते टूट जाते हैं नाखून तो अपनाएं ये आसान उपाय



पहले महिलाएं नेचुरल तरह से नाखूनों की लंबाई बढ़ाती थीं, लेकिन अब बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल की वजह से ज्यादातर लड़कियों के नाखून काफी कमजोर हो जाते हैं, जिस वजह से ये अपने आप ही टूटने लगते हैं। अगर आपके साथ भी यही दिक्कत है तो हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने नाखूनों को मजबूत और खूबसूरत बना सकती हैं।


नारियल का तेल नाखूनों को अच्छी तरह से बढ़ाने का काम करता हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको पर रात को सोते वक्त इस तेल से नाखूनों की मालिश करनी है। नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है। ऐसे में कम से कम दिन में एक बार नाखूनों पर नींबू का रस जरूर लगाएं नाखूनों की नींबू के रस से मालिश करें और फिर इसे गर्म पानी से धो लें। विनेगर में इसमें एंटी-फंगल गुण पाया जाता है, जिस वजह से ये आपके नाखूनों को फंगल से बचाकर उसे मजबूती प्रदान करता है। इसके इस्तेमाल से नाखूनों की लंबाई भी बढ़ती है। आप नाखूनों पर रूई की मदद से विनेगर लगाकर छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से हाथ धो लें। नेल पॉलिश में तमाम तरह के केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे मे अगर आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो पहले बेस कोट जरूर लगाएं। इससे आपके नाखून केमिकल से दूरनाखूनों को टूटने से बचाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए आप नारियल तेल या जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा, अपनी डाइट में बायोटिन और प्रोटीन युक्त चीजें जैसे अंडे, दालें, और हरी सब्जियां शामिल करें। कठोर रसायनों का उपयोग करते समय दस्ताने पहनें और नियमित रूप से नाखूनों को नम और साफ रखें।

कुछ और घरेलू उपाय में हल्के गर्म जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर रोजाना रात में नाखूनों पर मालिश करें। नाखूनों पर लहसुन की कलियों को रगड़ने से वे मजबूत होते हैं। नींबू का रस नाखूनों को साफ और मजबूत बनाता है, आप इसे कॉटन से लगा सकते हैं। रात में सोने से पहले वैसलीन लगाकर सोने से नाखून सॉफ्ट होते हैं। गुनगुने पानी में नमक और नारियल तेल मिलाकर नाखूनों को उसमें कुछ देर के लिए डुबोकर रखें।

**अन्य सुझाव:** बायोटिन और प्रोटीन से भरपूर चीजें जैसे अंडे, बादाम, दूध और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। पानी या कठोर रसायनों के संपर्क में आने पर दस्ताने पहनें। नाखूनों को नियमित रूप से साफ करें और तेज क्लिपर से काटें। अच्छी गुणवत्ता वाले और केमिकल-फ्री नेल पॉलिश और रिमूवर का ही उपयोग करें। रहेंगे।

## हैवी ज्वेलरी की जगह अपनाएं ऐसे गहने, नजर टिकी रहेंगी आप पर







दिसंबर का महीना शुरू हो गया है और अब कुछ ही दिनों में साल खत्म हो जाएगा। हर साल की तरह इस साल के साथ भी लोगों की अच्छी और बुरी की यादें जुड़ी हैं। भले ही साल बदल जाता है, लेकिन वो अपनी छाप छोड़ जाता है। जिस तरह से साल बदलता है, ठीक उसी तरह साल बदलने के साथ-साथ फैशन भी बदलता रहता है। फैशन में भले ही कितना भी बदलाव हो जाए लेकिन गहनों के प्रति महिलाओं का प्यार कभी कम नहीं होता। महिलाएं सभी कार्यक्रमों में खूबसूरत दिखने के लिए गहनों का इस्तेमाल करती हैं। समय के साथ-साथ ज्वेलरी के ट्रेंड में भी काफी बदलाव आया है।

अगर बात करें 2025की, तो इस साल लड़कियों से लेकर महिलाओं तक ने हैवी ज्वेलरी को छोड़ सिंपल गहनों को अपने लिए पसंद किया। आपको इस बारे में विस्तार से जानना चाहिए।

### पर्ल ज्वेलरी

पहले के समय में लोग समाज को दिखाने के लिए हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करते थे, लेकिन अब वो अपने लुक के हिसाब से ही ज्वेलरी कैरी करते हैं। ऐसे में इस साल महिलाओं ने एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक के साथ पर्ल ज्वेलरी को ही चुना।

### लेयर ज्वेलरी

बहुत सी महिलाओं को हैवी ज्लेवरी पसंद है, लेकिन उसका अब ज्यादा ट्रेंड नहीं हैं। ऐसे में ये लेयर ज्वेलरी ऐसी ही महिलाओं के लिए इस साल वरदान साबित हुई। इस साल महिलाओं ने इस तरह की लेयर ज्वेलरी को काफी पसंद किया।

### डायमंड ज्वेलरी

हैवी ज्वेलरी को छोड़ अब लोगों का झुकाव डायमंड की तरफ जा रहा है। लोगों ने इस साल लगाई तक में सोने की हैवी रिंग बनवाने की बजाए इसी तरह की डायमंड अगूंठियों को चुना है।

## इस मौसम में स्टाइलिश लुक देंगे इस तरह के कपड़े



अगर सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव नहीं किया गया तो तबियत बिगड़ने का खतरा मंडराता रहता है। इसी मौसम में सबसे ज्यादा घूमने का मन करता है। साल के अंत में पड़ने वाली ठंडी में तो कई पार्टियां भी अटेंड करनी होती हैं। ऐसे में स्टाइलिश दिखने का काफी प्रेशर होता है। लड़कों को इसके लिए ज्यादा सोचना नहीं पड़ता, लेकिन लड़कियों को इस मौसम में समझ ही नहीं आता कि वो कैसे कपड़े पहन सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे विकल्पों के बारे में बताने जा रहे है, जिसे कैरी करके आप अपने लुक को सर्दी के मौसम में भी स्टाइलिश बना सकती हैं।


### हैवी जैकेट

अगर आपको काफी ज्यादा सर्दी लगती है तो अपने कलेक्शन में ऐसी जैकेट को जरूर शामिल करें। ये हर तरह के आउटफिट के साथ कमाल की लगती है। इसके साथ ही इसे पहनकर लुक भी स्टाइलिश लगता है।

### लेदर जैकेट

अगर आपको हैवी जैकेट्स पहनने का शौक नहीं हैं तो ये आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। चाहे लड़का हो या लड़की, हर किसी के पास इस तरह की लेदर जैकेट जरूर होनी चाहिए। ये सर्दी से भी बचाव भी करती है।

## नेचुरल कर्ली हेयर लुक चाहिए, अपनाएं ये टिप्स



बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा।

अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

### रोज-रोज नो हेयर वॉश

आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।

### कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।

### बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

### बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं।

**कार्नर न्यूज**

**सेहत पर ध्यान रखने के साथ बनिए महफिल की शान**

## सर्दी में अटेंड करनी है शादी तो ठंड से बचने के लिए अपनाएं ये तरीके, लुक भी दिखेगा स्टाइलिश

शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपको भी इस मौसम में कोई शादी अटेंड करनी है, जिसमें आप फैशनेबल भी दिखना चाहती हैं, तो ये लेक आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप खूबसूरत अंदाज भी दिखा सकेंगी और साथ में आपको सर्दी भी नहीं लगेगी। इन हैक्स को फॉलो करने के लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

### ऐसे फुटवियर को चुनें

अगर आप अपने पैरों को कवर करके रखेंगी तो ठंड से बचाव हो सकता है। ऐसे में एथनिक वियर के साथ मोजरी जैसे फुटवियर का चुनाव करें, जोकि आगे से बंद हों। इसके साथ से लिए आपको मोजे भी मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स भी पहन सकती हैं

आजकल के समय में तो लड़कियां लहंगे के साथ जूते पहनना पसंद करती हैं। आपको बाजार में अपने आउटफिट की मैचिंग के स्नीकर्स आसानी से मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसे कस्टमाइज करा सकती हैं। अगर आपको काफी ज्यादा ठंड लगती है तो वेलवेट फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। लहंगे से लेकर अनारकली सूट और ब्लाउज वेलेवट हर तरह से खूबसूरत दिखेगा।

